ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 4, अंक 120, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 13

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14

श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

गंगा दशहरा

- शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात

ब्यूरो, देहरादून/हरिद्वार

गंगा दशहरा पर हरिद्वार में गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● एजेंसी

अमृत विचार : गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में गंगा नदी में डुबकी लगाई। पुलिस ने मेला क्षेत्र जीरो जोन करने के साथ ही शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी।

गंगा दशहरा को लेकर शनिवार शाम से कई राज्यों से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। रविवार सुबह तड़के श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी पर स्नान एवं दान किया। मान्यता अनुसार, मां गंगा ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर धरती पर अवतरित होने के बाद हरिद्वार पहुंचीं। पुलिस-प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मेला क्षेत्र को 3 सुपर जोन, 9 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा था। पुलिस ने मेले को लेकर रूट डायवर्जन प्लान लागू किया जो 15 जून की रात 12 बजे से 18 जून तक लागू रहेगा। वहीं, वीकेंड होने की वजह से पुलिस के लिए ट्रैफिक नियंत्रण करना बड़ी चुनौती बन गई है।

एनसीईआरटी के निदेशक बोले- पाठ्यक्रम से हटाए जाएं बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

● ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

नई दिल्ली। भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

खाई में गिरी कार, 4 की मौत

पौड़ी में हुई दुर्घटना, एक ही परिवार के 7 लोग थे वाहन में, 3 गंभीर

ब्यूरो, देहरादून

पौड़ी गढ़वाल में रविवार को एक कार के खाई में गिरने के बाद बचाव कार्य में लगे एसडीआरएफ के कर्मी। ● एजेंसी

- 24 घंटे में दूसरी दुर्घटना शनिवार को रुद्रप्रयाग में 15 की गई थी जान
- शादी में कठुली से परसुंडाखाल जा रहा था परिवार

अमृत विचार : राज्य में सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं, 24 घंटे में दो जानलेवा हादसे हुए हैं। बीते शनिवार को रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर गिरने से 15 की मौत हुई थी तो रविवार को पौड़ी जिले के खिर्सू में एक कार खाई में गिरी गई, जिससे दो बच्चों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन गंभीर घायल है। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने शवों व घायलों को निकाला। बताया जा रहा है कि परिवार शादी समारोह में जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक एक ही परिवार के साक्षी (14), सृष्टि (18) पुत्री सुरेश नेगी निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15) पुत्री विनोद रावत निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) पुत्र, आरूषी (13) पुत्री अजय निवासी उरेगी, मनवर सिंह वाहन चालक निवासी चोपड़ा, सौम्या (9) पुत्री गणेश निवासी उरेगी, पौड़ी सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई है। हादसे में सृष्टि, मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। श्रीनगर कोतवाली के एसएसआई सुनील रावत ने बताया कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है, जबकि 3 घायल हैं। इनमें दो को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सड़क हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि घायलों की हर संभव मदद की जाएगी। स्थानीय प्रशासन को पीड़ितों की सहायता के निर्देश दिए गए हैं।

गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन खाई में गिरा

पौड़ी : पौड़ी जिले में रविवार को बीरोंखाल ब्लॉक से हरिद्वार जा रही बोलेरो सतपुली में कुल्हाड बैंड के पास 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दस लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ और सतपुली थाना पुलिस ने लोगों को खाई से निकाला। घायलों में कीर्ति रावत, भगवंती देवी, रश्मि, सरोजनी देवी, अनीता देवी, सूरजपाल सिंह रावत, राधा देवी, संजय, सूरज गुसाई व कलावती देवी हैं। सतपुली थाना प्रभारी दीपक तिवारी के मुताबिक रात को इनके घर में पूजा थी। आशंका है कि रात में नींद पूरी नहीं होने से चालक को झपकी आ गई होगी, जिससे हादसा हुआ होगा हालांकि इसकी जांच की जा रही है।

एक नजर

सलमान के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी में नया मामला दर्ज किया है और धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने रविवार को बताया कि राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ मेरे साथ हैं मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं।

अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

जम्मू। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर हेलीकाप्टर सेवा उपलब्ध होगी।

मां से मिलने ऋषिकेश पहुंचे उप्र के मुख्यमंत्री

ऋषिकेश एम्स में मां सावित्री देवी से बात करते मुख्यमंत्री योगी।

रुद्रप्रयाग के घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते योगी। ● अमृत विचार

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री योगी रविवार दोपहर ऋषिकेश एम्स पहुंचें। जहां कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वह जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से बात की और परिजनों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने से 7 जून से सावित्री देवी भर्ती हैं। इसके बाद वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

आतंकवाद को कुचल दें और मददगारों को न बख्शें : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर में ताजा हालात पर गृहमंत्री शाह ने की बैठक
- एरिया डॉमिनेशन व जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

बीते सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें उन्होंने आतंकवाद को कुचलने और मददगारों को न बख्शने के निर्देश दिए। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

शाह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा ये बड़ी संगठित हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने पर जोर दिया। शाह ने खुफिया नेटवर्क की मजबूती, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया।

सिन्हा ने स्थिति से कराया अवगत

शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को शाह और डोभाल तथा अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित

अयोध्या कार्यालय

- 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

गंभीर समस्या | अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

- मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।

स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

प. बंगाल में ट्रांसजेंडर को सरकारी नौकरी में 1% आरक्षण के निर्देश

- कलकत्ता हाईकोर्ट ने की सुनवाई

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है। अभी तक उनके लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय का यह आदेश एक ट्रांसजेंडर की याचिका पर आया।

एक नजर

सेमवाल ने बेरोजगार संघ से किया दरकिनार

भीमताल : वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल ने उत्तराखंड बेरोजगार संघ से दरकिनार कर लिया है। प्रेस वार्ता में सेमवाल ने बताया कि वर्तमान में वह भाजपा से जुड़े हैं। साथ ही कई अन्य सामाजिक संगठनों के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वह उत्तराखंड बेरोजगार संघ का दायित्व लेने के इच्छुक नहीं है। उन्होंने अपनी भावनाओं से उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार को अवगत करा दिया है। बीते दिन बॉबी पंवार ने संघ का विस्तार करते हुए अखिलेश सेमवाल को विधानसभा कार्यकारणी का सदस्य नामित किया था।

चिंताजनक : अनदेखी के चलते झील की सुंदरता पर लग रहा ग्रहण, करीब 24 मीटर तक घटा झील का स्तर

खतरे में भीमताल झील, 300 मीटर तक उगी घास

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल झील नैनीताल जनपद की खूबसूरत झीलों में शुमार है। मगर वर्तमान में विभाग की अनदेखी के चलते इसकी सुंदरता पर ग्रहण लग रहा है। बारिश न होने के कारण झील में पानी का स्तर दिन पर दिन कम होता जा रहा है। झील मलबे से पट गई है। वर्तमान में झील के लगभग 300 मीटर क्षेत्र में घास उग गई है। ऐसे में एक बार फिर क्षेत्र के लोगों ने झील की सफाई कराने की मांग उठाई है।

भीमताल झील खतरे की जद में है। एक शोध रिपोर्ट के अनुसार झील की गहराई करीब 24 मीटर तक घट चुकी है। ऐतिहासिक एवं पौराणिक झील के संरक्षण को नियमित देखरेख में कोताही का नतीजा है कि भीमताल सरोवर अस्तित्व बचाने को जूझ रहा है। इकोलॉजी ऑफ माउंटेन वॉर के लेखक एस भट्ट व आरके पांगडे ने अपनी शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया था कि वर्ष 1904 में भीमताल झील का क्षेत्रफल 60 हेक्टेयर था, जो 1984 में घटकर 46.26 हेक्टेयर रह गया।

इसी तरह झील की जल धारण क्षमता 1415 क्यूबिक मीटर कम हो चुकी है। वर्ल्ड वाटर इंस्टीट्यूट के गणेश पांगडे की शोध पुस्तक स्प्रिंग का लाइफ इंडिया वॉटर रिसोर्सेस के अनुसार बीते कई वर्षों में हुए शोध के अनुसार वर्ष 1871 में भीमताल झील की गहराई 39 मीटर थी, जो 1975 में घटकर 27 मीटर तथा 1985 में 22 मीटर रह गई। यानी प्रारंभ के 100 सालों में भीमताल झील का जलस्तर 12 मीटर घटा तो 10 वर्षों में 5 मीटर की गिरावट आई। वर्तमान में झील की गहराई 24 मीटर तक कम होने के लिए बारिश न होना व झील में जमा गाद जिम्मेदार है।

भीमताल झील में पानी घटने से दिखने लगी गाद। ● अमृत विचार

भीमताल झील के मौजूदा हालत चिंतनीय है। अभी चूंकि पानी कम है तो विभाग को सिल्ट निकालने का कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए। नहीं तो आने वाले दिनों में हालत और खराब हो जाएंगे। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

झील की स्थिति को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में पेयजल तो प्रभावित होगा ही, साथ ही कारोबार भी चौपट हो जाएगा। सरकार को झील की सुध झील को लेकर बचाने के प्रयास करने चाहिए। **-राकेश बृजवासी**, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

पहले गांव में पहुंचाया 10 हजार का पानी, फिर बजी शहनाई

हाइवे से सटे ज्याड़ी गांव में वाहनों से मंगवाया पीने का पानी, जल संस्थान के अफसरों ने नहीं उठाया फोन, ग्रामीणों में नाराजगी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बावजूद जल संस्थान के अधिकारी व्यवस्था दुरुस्त करने के ठोस उपाय करते नहीं दिख रहे हैं। हाईवे से सटे ज्याड़ी गांव में हालात और भी खराब हैं। यहां एक शादी समारोह में 10 हजार रुपये खर्च कर वाहन से पानी पहुंचाया गया, जिसके बाद विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

गांवों में बूंद-बूंद पानी के लिए हाहाकार मच गया है। शहर से छुट्टियां बिताने गांव में पहुंचे लोग भी दूरदराज के प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं। शादि समारोह, धार्मिक अनुष्ठान व अन्य आयोजनों में पहले पानी को लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है। पानी के बगैर परेशानी न हो, इसके लिए बकायदा अलग से बजट भी रखा जा रहा है। ताड़ीखेत ब्लॉक के ज्याड़ी गांव में हालात बेहद खराब हैं। बीते रोज गांव में शादी समारोह होने पर 10 हजार रुपये खर्च करने के बाद बमुश्किल पिकअप वाहन से पानी गांव तक पहुंचाया गया। व्यापारी नेता पंकज नेगी के अनुसार परिवार में शादी समारोह होने पर पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान के अधिकारियों से संपर्क साधा पर विभागीय अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया। मजबूरी में दस हजार रुपये में वाहन की बुकिंग कर सुदूर प्राकृतिक जल स्रोत से टंकियां में पानी भरकर गांव तक पहुंचाया गया। तब जाकर कार्यक्रम आगे बढ़ सका।

ज्याड़ी गांव में पानी लेकर जाता वाहन।। ● अमृत विचार

जल संस्थान में पानी भरने को टैंकरों की कतार

हल्द्वानी, अमृत विचार : तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय के बाहर बने ओवरहैड टैंक से पानी भरने के लिए इन दिनों टैंकरों की कतार लग रही है। रविवार को भी कई टैंकर पानी भरने के लिए यहां पहुंचे। इनमें जल संस्थान के 10 और अनुबंधित 20 टैंकर भी शामिल रहे। टैंकरों से गौजाजाली, इंदिरानगर, राजपुरा, गौलागेट, ईसाई नगर, बच्चीनगर, कुमाऊं कॉलोनी, बनभूलपुरा आदि इलाकों में पानी की आपूर्ति की गई। दिनभर कई निजी टैंकर पानी भरने के लिए यहां पहुंचे। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि पानी संकट वाले क्षेत्रों में पानी बांटने के लिए टैंकरों को लगाया गया है। रविवार को शीशमहल फिल्टर प्लांट से कुछ टैंकर तिकोनिया कार्यालय पहुंच गए, जिसके चलते टैंकरों की लाइन लगी रही।

क्षेत्र को घोषित करें सूखाग्रस्त

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नगर व आसपास के क्षेत्रों में गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। भीमताल का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोत सूखने से पानी का संकट खड़ा हो गया है। विकासखंड भीमताल, धारी, ओखलकांड़ा व रामगढ़ में पूरी खेती बारिश पर निर्भर है। पिछले आठ माह से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूख गए हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने क्षेत्र को सूखा ग्रस्त घोषित करने और उन्हें मुआवजा देने की मांग की है।

इधर, भीमताल के मल्लीताल बाजार क्षेत्र में मांग के अनुरूप पानी की आपूर्ति न होने से लोग खासे परेशान हैं। लोगों की मानें तो मांग के अनुरूप एक चौथाई भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे परेशान बढ़ गई है। वहीं पांडे गांव, भांकर, करकोटक आदि में भी पानी की समस्या बनी हुई है।

बारिश नहीं होने से काश्तकार परेशान हैं। फसल भी प्रभावित हो रही है। सरकार को एक विशेष पैकेज जारी करते हुए प्रभावित क्षेत्र के काश्तकारों को सहायता पहुंचानी चाहिए। – लाखन नेगी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख

पानी नहीं आने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। लोग पानी नहीं आने की शिकायत कर रहे हैं। स्थिति में सुधार के लिए कहा जा रहा है। **-भारत लोशाली** निर्वतमान सभासद मल्लीताल बाजार

सार-संक्षेप

ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की बैठक में प्रतिभाग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मुन्नी बनीं ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की अध्यक्ष

नैनीताल : ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की एक बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुन्नी तिवारी को अध्यक्ष, सावित्री सनवाल उपाध्यक्ष, ममता पांडे सचिव, प्रीति शर्मा व गीता पांडे उपसचिव तथा मंजू कौटिल्य स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य चुनीं गईं। बैठक में कुमाउनी संस्कृति के प्रचार-प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान संरक्षक शांति मेहरा, मीनू बुधलाकोटी, डॉ. सरस्वती खेतवाल, नंदिनी पंत, पार्वती मेहरा, आफरीन, तारा बोरा मौजूद रहे।

13 जुलाई को होगा बोट हाउस क्लब का चुनाव

नैनीताल : बोट हाउस क्लब की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव 13 जुलाई को होंगे। चुनाव में 9 सदस्यीय प्रबंध कार्यकारिणी चुनी जाएगी। जबकि नौ सदस्यों में से सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव आदि चुने जाएंगे। कमिश्नर क्लब के पदेन अध्यक्ष व जिलाधिकारी उपाध्यक्ष होते हैं। क्लब के सचिव शोएब अहमद ने बताया बोट हाउस क्लब में करीब चार हजार मतदाता मतदान करेंगे। अंतिम मतदाता सूची बनाई जा रही है। चुनाव को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। चुनाव के दिन ही आम बैठक होगी, जिसमें लेखा-जोखा व अन्य विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

राजपुरा में नलकूप खराब, लोग परेशान

हल्द्वानी : राजपुरा क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित स्कूल में लगा नलकूप बीते शनिवार को खराब हो गया। जिस कारण रविवार को लोग पानी के लिए परेशान रहे। भीषण गर्मी में लोगों को आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोना पड़ा। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि इलाके में टैंकर के जरिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही खराब नलकूप को ठीक करने की कार्रवाई शुरू कर हो गई है।

पीपलपानी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री श्याम सुन्दर सिंह क्वीरा जी** का **स्वर्गवास दिनांक 06 जून, 2024** को हो गया है। जिनका **पीपलपानी दिनांक 17 जून, 2024 (आज)** हमारे निवास स्थान **बच्ची नगर-1, कमुलवागांजा, लामाचौड़ हल्द्वानी** में होगा।

श्रीमती हंसा क्वीरा (पत्नी)

शोकाकुल परिवार

नवीन सिंह क्वीरा - रेखा क्वीरा (पुत्र-पुत्रवधू)
हेमू क्वीरा - सोनम क्वीरा (पुत्र-पुत्रवधू)
श्रीमती पार्वती क्वीरा (भाभी), संजीव क्वीरा (भतीजा)
श्रीमती उषा बिष्ट - श्री हरीश सिंह बिष्ट (पुत्री-दामाद)
श्रीमती दीपाली बिष्ट - श्री हितेष बिष्ट (पुत्री-दामाद)
श्रीमती रीता मजगांई - श्री श्याम सिंह मजगांई (भतीजी-दामाद)
श्रीमती दया नेगी - श्री पुष्कर सिंह नेगी (भतीजी-दामाद)

नोट : कृपया इस सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करेंगे।

पहाड़ में सात तो मैदान में सामान्य से पांच डिग्री ऊपर पारा

उष्ण लहर ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़े, दिन के समय प्रचंड गर्मी से लोगों का हुआ बुरा हाल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : इन दिनों पड़ रही असामान्य गर्मी से लोग परेशान हैं। मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। वहीं पहाड़ में तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस ज्यादा चल रहा है। गर्मी का कहर मैदान से लेकर पहाड़ तक है। रविवार को राज्य के छह जनपदों में उष्ण लहर चली है। इनमें तीन मैदानी तथा बाकी पर्वतीय जिले हैं।

हल्द्वानी में प्रचंड गर्मी रही। सुबह से ही सूरज चढ़ रहा है। पूर्वान्ह में लू के थपेड़े चल रहे हैं। दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान की बात करें तो पहाड़ों में सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस ज्यादा तापमान चल रहा है। इस वजह से मुक्तेश्वर जैसी जगह पर भी दिन के समय गर्मी महसूस हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों में पारा सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह स्थिति पिछले नौ दिनों से बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अलनीनो का असर और उष्ण लहर की वजह से यह स्थिति बनी है। रविवार को सभी मैदानी जिलों के अलावा पहाड़ में भी उष्ण लहर का असर रहा। आमतौर पर उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में गर्मियों के मौसम में पांच से सात दिन तक उष्ण लहर चलती थी, इस बार 20 से ज्यादा बार उष्ण लहर चल चुकी है। पहाड़ों में भी बारिश का सिलसिला कम हो गया है। पिछले 24 घंटे में मुनस्यारी में ही केवल दो मिमी बारिश हुई है।

20 से ज्यादा उष्ण लहर चल चुकी हैं अभी तक राज्य के मैदानी जिलों में

02 मिमी बारिश हुई है पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में बीते 24 घंटों में

मंगलवार से बदल सकता है मौसम

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि रविवार की देर रात या मंगलवार से मौसम बदल सकता है। राज्य के कई जिलों में मंगलवार को बारिश होने का अनुमान है। अगर बारिश होती है तो लोगों को उष्ण लहर से राहत मिलेगी। अगर बारिश का सिलसिला अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा तो इसे प्री-मानसून घोषित किया जा सकता है। मानसून की बात करें तो इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तराखंड में एक सप्ताह देरी से 28 जून तक पहुंचेगा।

> मंगलवार से मौसम बदल सकता है। मैदानी और पहाड़ी इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो उष्ण लहर से काफी राहत मिलेगी। -डॉ. आरके सिंह, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर

जून माह में कम हुई बारिश

सामान्य तौर पर जून माह के पहले सप्ताह के बाद बारिश का सिलसिला शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। जून माह में अभी तक अल्मोड़ा जिले में सामान्य से 74 प्रतिशत, बागेश्वर जिले में 54 प्रतिशत, चम्पावत जिले में 92 प्रतिशत, पिथौरागढ़ जिले में सामान्य से 67 प्रतिशत, नैनीताल जिले में 97 प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर जिले में 99 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसका कारण गर्मी और उष्ण लहर को माना जा रहा है।

वनाग्नि से पांच वर्ष में 94 प्रतिशत बढ़ा ब्लैक कार्बन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : वनाग्नि की वजह से पहाड़ों में पांच वर्ष में ब्लैक कार्बन का उत्सर्जन 94 प्रतिशत तक बढ़ गया है। प्रदूषण फैलाने वाले अन्य कारक पीएम-10, पीएम 2.5 और एनओ-टू आदि में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

जीबी पंत हिमालय पर्यावरण विकास संस्थान के हिमालयी वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने बताया कि वनाग्नि हिमालय के पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बन रही है। कोसी-कटारमल अल्मोड़ा क्षेत्र में पांच साल तक शोध किया गया। हालिया रिपोर्ट प्रकाशित हुई तो कई चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। वर्ष 2019 से 2024 तक वनाग्नि से ब्लैक कार्बन का उत्सर्जन 94 प्रतिशत बढ़ गया था, जो सामान्य दिनों में 1472 एनजीएम था, वनाग्नि में बढ़कर 2851 एनजीएम हो गया है। इसके अलावा वायु प्रदूषण के अन्य कारकों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। हिमालयी वैज्ञानिकों के अनुसार अगर इसे नहीं रोका गया तो हिमालय की सेहत खतरे में पड़ सकती है।

कोसी कटारमल में वनाग्नि व सामान्य दिनों में प्रदूषण का अध्ययन

तत्व	सामान्य दिन	वनाग्नि में	बढ़ोत्तरी
ब्लैक कार्बन(एनजीएम)	1472	2851	94 %
पीएम 10(यूजीएम)	38.9	99.7	157%
पीएम 2.5(यूजीएम)	37.7	46.2	23%
एनओ टूयूजीएम (यूजीएम)	11.2	16.2	48%

कभी भी हो सकती है बारिश नहीं हुई नालों की सफाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम समय से नाले व नालियों की सफाई नहीं कर पाया है। ऐसे में बारिश में नाले ओवरफ्लो होने पर जनता को जलभराव से जूझना होगा। हालांकि, नगर निगम का दावा है कि बारिश से पूर्व सफाई करा दी जाएगी।

अमूमन मानसून सीजन 15 जून से माना जाता है। नगर निगम को मानसून से पूर्व नाले व नालियों की तलीझाड़ सफाई करानी होती है, ताकि जलभराव नहीं हो। डीएम वंदना सिंह ने भी सभी निकायों को बारिश से पूर्व नाले व नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन हर वर्ष की तरह इस बार भी अधिकारियों के लापरवाह रवैये की वजह से नाले और नालियों की सफाई नहीं हो पाई है। अब कभी भी बारिश हो सकती है। यह हालत तब है जब इस बार मौसम विभाग ने अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी है। ऐसे में जलभराव से लोगों को खासी फजीहत झेलनी होगी। वहीं, नगर निगम अधिकारी समय से सफाई न होने की वजह आचार संहिता के चलते निविदाएं नहीं होना बता रहे हैं हालांकि दावा है कि जल्द नालों की सफाई हो जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट का इंतजार

नालियों व गूलों की सफाई हुई है या नहीं, इसकी अंतिम रिपोर्ट नगर निगम के स्वाथ्य्य विभाग की ओर से जारी की जाती है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में कई नालियों की सफाई हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग से अभी इनकी अंतिम रिपोर्ट नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नालों की सफाई का निरीक्षण करने के बाद ही अपनी रिपोर्ट जारी करते हैं।

> शहर के 15 नालों में से अधिकांश की सफाई हो चुकी है, सिर्फ दो नालों की सफाई बाकी है, जो जल्द ही पूरी कर दी जाएगी। -विशाल मिश्रा, आयुक्त नगर निगम

इन नाले व नालियों की नहीं हो पाई सफाई

1. रकसिया नाला
2. मुखानी चौराहे से सदभावना कॉलोनी
3. मुखानी से श्यामा गार्डन पीलीकोठी
4. मुखानी से दुर्गा कॉलोनी
5. आदर्श नगर से बाल भारती विद्या मंदिर
6. दमुवाढूंगा बंदोबस्ती से एलआईसी कार्यालय
7. हाइडिल गेट से आवास विकास
8. आवास विकास से गौला नदी
9. राजपुरा चौराहे से पुराने स्लॉटर हाउस
10. केमू स्टेशन से ईदगाह
11. शनि बाजार मंडी गेट से रेलवे क्रॉसिंग
12. गुंसाई नगर से हीरानगर
13. कालाढूंगी रोड से एशबाग रामपुर रोड
14. कब्रिस्तान से मंडी बाईपास

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

42.1°	25.2°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.13	सूर्यास्त 07.14

एक नजर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज जिले में

नैनीताल : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर नैनीताल आ रहे हैं। प्रोटोकॉल अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी जीटीसी हेलीपैड देहरादून से दोपहर एक बजे हेलीकॉप्टर से दोपहर 2 बजे कैलाखान हेलीपैड नैनीताल पहुंचेंगे। वह राज्य अतिथि गृह में विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण, पेयजल, विद्युत एवं वनाग्नि की समीक्षा करेंगे।

महिला पर्यटकों की फोटो खींचने पर हंगामा

नैनीताल : तल्लीताल क्षेत्र में कुछ युवकों को महिला पर्यटकों की फोटो खींचना महंगा पड़ गया। महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों को पीट दिया। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र में रविवार को गुजरात से आयी महिला पर्यटक झील किनारे टहलते हुए फोटो खींचा रही थी। इसी दौरान कुछ युवक चोरी छिपे महिला पर्यटकों की फोटो खींचने लगे। जिस पर महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों को रोका तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर सहायता केंद्र ले आयी। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में युवकों की ओर से माफी मांगने के बाद महिला पर्यटकों के कहने पर युवकों को छोड़ दिया गया है।

ईद पर जेल में बनेगी खीर रेडियो सुनाएगा संगीत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

तैयारी

- आज जेल में सौहार्द के साथ मनाया जाएगा पर्व
- सभी संप्रदाय के कैदी एक साथ बैठ कर करेंगे भोजन

अमृत विचार : उप कारागार हल्द्वानी में सोमवार (आज) को ईद मनाने वाले बंद कैदियों और बंदियों के दिन की शुरुआत नमाज के साथ होगी। खीर या फिर केले और लड्डू से उनका मुंह मीठा कराया जाएगा। जेल में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी कायम होगी। क्योंकि सभी एक साथ बैठ कर ईद के मौके पर बने पकवान खायेंगे।

जेल में रविवार को 1422 कैदी व बंदी बंद थे। अनुमान है कि यही संख्या सोमवार को भी होगी। जिसमें करीब 300 बंदी व कैदी मुस्लिम समुदाय के हैं। इनके लिए ईद के दिन कारागार में विशेष इंतजाम किए गए हैं। जेल प्रशासन की ओर से बंदियों को मैन्यु दे दिया गया है। अब यह बंदियों को तय करना है कि वह ईद के दिन लड्डू और केला खायेंगे या फिर खीर। फिलहाल, जो भी इंतजाम होंगे वह जेल में बंद सभी कैदी व बंदियों के लिए होंगे। यानी जेल में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई एक साथ बैठ कर ईद पर परोसा जाने वाला भोजन करेंगे।

इसके साथ ही जेल रेडियो भी ईद के दिन को खास बनायेगा। जेल के रेडियो जॉकी नरेश सुबह से ही फरमाइशी गीत बजायेंगे। सुबह की शुरुआत धार्मिक गीतों के साथ होगी। जिसके बाद जेल में नमाज अता कराई जायेगी। इसके लिए जेल में बाहर से दो मौलवी को बुलाया गया है। नमाज के बाद खीर या लड्डू और केला परोसा जायेगा। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि बंदियों व कैदियों की इच्छानुसार केला, लड्डू या खीर दिया जाएगा। ईद की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। नमाज के लिये मौलवी को भी बुलाया गया है।

ईद पर नहीं होगी मिलाई

हल्द्वानी : उप कारागार में बंद बंदियों व कैदियों से मिलने वालों का हर दिन तांता लगा रहता है और लगभग पूरा दिन मिलाई में ही गुजर जाता है। मिलाई के लिए यहां टोकन की व्यवस्था है, लेकिन ईद के दिन सार्वजनिक अवकाश है। इस दिन जेल में मिलाई भी नहीं होगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि ईद से पहले रविवार को मिलाई के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। चूंकि ईद के दिन सोमवार को मिलाई नहीं होगी तो मंगलवार को मिलाई करने वालों की भारी भीड़ हो सकती है।

54 हजार कृषकों को मिलेगी सम्मान निधि

हल्द्वानी: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त 18 जून (मंगलवार) को आएगी। इसमें जिले के 54 हजार लोगों को सम्मान निधि का लाभ मिलेगा। योजना के तहत अब तक जिले के किसानों को 16 किश्तें मिल चुकी हैं। किसान 17वीं किश्त का इंतजार कर रहे थे। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वी. यादव ने बताया कि इस दौरान नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। जिले के 54 हजार किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। जिले में करीब 98 प्रतिशत किसानों ने योजना में नियमानुसार अपनी ई-केवाईसी व लैंड सिडिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

कोसी में डूबने से दो युवकों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: कोसी नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों युवकों को नदी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की सांसें थम गई थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मारे गए युवकों में से एक युवक की शादी एक सप्ताह पहले ही हुई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को 6 युवक कौसानी के रुद्रधारी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन के बाद सभी युवक रनमन, सोमेश्वर के पास नहाने के लिए कोसी नदी में उतर गए। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान दो युवक नदी में डूबने लगे। दोनों को डूबता देख साथी युवकों में हड़कंप मच गया। उन्होंने दोनों को बचाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। साथी युवकों की चीख-पुकार के बाद सूचना मिलने पर सोमेश्वर थाना पुलिस और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने किसी तरह दोनों युवकों को नदी से बाहर निकाला। दोनों को तुरंत उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान पंकज रौतेला (25) पुत्र श्याम सिंह रौतेला तथा धीरज सिंह रौतेला (26) पुत्र देवेंद्र रौतेला के रूप में हुई है। दोनों विजयपुर, द्वाराहाट के रहने वाले थे। थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

धीरज सिंह रौतेला, पंकज सिंह रौतेला।

हादसा

- सोमेश्वर के रनमन में हुआ हादसा, कौसानी के रुद्रधारी मंदिर में दर्शन को आए थे द्वाराहाट के 6 युवक

एक सप्ताह पहले ही शादी हुई थी पंकज की

बताया जा रहा है कि जान गंवाने वाले पंकज रौतेला की शादी एक हफ्ते पहले यानी 8 जून को हुई थी। पंकज के पिता सेना से रिटायर्ड हैं तथा उसका एक छोटा भाई है। विवाह के एक सप्ताह में ही घर की खुशियां मातम में बदल गई हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

डांस करते समय बेहोश होने से दुल्हन की मौत

भीमताल : मेंहदी समारोह में डांस करते समय दुल्हन बेहोश हो गई। उसे सीएचसी पहुंचाया जहां उपचार केदौरान मौत हो गई।

थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि डॉ. संजय कुमार जैन निवासी बी 28 आदर्श आर्या अपाटमेंट द्वारका सेक्टर छह नई दिल्ली ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपनी बेटी श्रेया जैन की शादी के लिए नौकुचियाताल एक रिजॉर्ट में आए थे। शनिवार की शाम मेहंदी समारोह चल रहा था, जिसमें श्रेया स्टेज में डांस करते समय बेहोश हो गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर गये, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं करने की मांग की है।

पंत पार्क से गुरुद्वारे तक हटाए अवैध फड़

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन सख्त हो गया है। रविवार को पालिका की टीम ने अभियान चलाकर पंत पार्क से गुरुद्वारे तक अवैध तरीके से लगे फड़ों को हटाया। इस दौरान टीम को फड़ व्यवसायियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। भारी विरोध के बावजूद टीम ने पंत पार्क क्षेत्र में लगे फड़ों को हटा दिया।

नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा ने बताया कि उच्च न्यायालय ने पंत पार्क क्षेत्र में फड़ लगाने के लिए समय और स्थान तय किया है। जिसकी अनदेखी करते हुए कुछ लोग तय स्थान और समय का पालन नहीं कर रहे हैं।

जिन पर रविवार को कार्यवाही की गई है। पालिका ने फड़ कारोबारियों को चिन्हित वेंडर जोन में जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने फड़ व्यवसायियों को चेतावनी दी अगर किसी ने नियमों को ताक में रखते हुए फड़ संचालित किये तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान टीम ने कई लोगों के चालान भी काटे।

नैनीताल में पंत पार्क से फड़ हटवाती नगर पालिका की टीम। ● अमृत विचार

खुले में नहीं करें कुर्बानी संदिग्धों पर रखें पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

सतर्कता

- एसएसपी ने अफवाह फैलाने वालों पर दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश
- अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ एसएसपी ने की वर्चुअल मीटिंग

अमृत विचार : एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बकरीद को लेकर ऑनलाइन गोष्ठी की। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि नियमित गश्त सुनिश्चित करें और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। बकरीद के दौरान हर छोटी घटना को गंभीरता से लें। कुर्बानी खुले स्थानों में ना कराकर निर्धारित स्थानों पर ही कराई जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी की अफवाहों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही करें। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर रखें। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्त करें और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्पर रहें।

उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था में 135 कांस्टेबल, 43 उप निरीक्षक और 2 कम्पनी पीएसी के साथ सभी थानों का पूरा पुलिसफोर्सलगाया गया है। बैठक में एसपी क्राइम हरबंस सिंह, कोतवाल उमेश कुमार मलिक, अरुण सैनी, थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी आदि वर्चुअल जुड़े।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बनभूलपुरा में देखी व्यवस्थाएं

हल्द्वानी : ईद उल जुहा को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बनभूलपुरा का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ईदगाह में साफ-सफाई की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पुलिस को सोमवार को पर्व के मद्देनजर बनभूलपुरा में सभी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देशों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ट्रंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया, जहां पर्व के मद्देनजर उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट का निस्तारण किया गया। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि नगर निगम के वाहन लगाए जाएं और अपशिष्ट का त्वरित निस्तारण हो। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी मौजूद रहे।

परंपरा ईद को लेकर बनभूलपुरा के लाइन नंबर-8 में सजा कुर्बानी के बकरों का बाजार

तैयारी : 1.20 लाख में बिक गए बचपन के दो दोस्त राजू और भूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बकरीद के मौके पर रविवार को बनभूलपुरा के लाइन नंबर 8 में बकरों का बाजार गर्म रहा। बाजार में छोटे से लेकर बड़े बकरों की धूम रही। बकरों की कई तरह की प्रजातियां बाजार में बिकने को आईं। इसमें मेवाती, बरबरे, राजस्थानी, अजमेरी नस्ल के बकरे शामिल थे।

बकरों की शुरुआती कीमत 10 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक थी। अधिकांश मुस्लिम समुदाय के लोग कम कीमत वाले बकरे ही खरीदने में व्यस्त रहे। वहीं बाजार में बड़े बकरों के साथ ही सस्ते से लेकर महंगे बकरे लोग खरीदते नजर आए। बाजार में 1 लाख 20 हजार रुपये में राजू और भूरा बकरे को बेचा गया है। बेचने वाले ने बताया कि बचपन से एक ही घर में इन बकरों का पाला गया था।

लाइन नंबर-8 बाजार में बिक्री के लिए मौजूद बकरे।



ईद उल जुहा की पूर्व संध्या पर बकरे को लेकर निकला किशोर।

रामनगर में सुबह 7.30 बजे पढ़ाई जाएगी नमाज

हल्द्वानी/रामनगर : ईद उल जुहा की नमाज रामनगर ईदगाह में सोमवार को सुबह 7.30 बजे और बड़ी मस्जिद में 7 बजे पढ़ाई जाएगी। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तूफा नईमी ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7.30 बजे पढ़ाई जाएगी। वहीं बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने बताया कि मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ी मस्जिद में 7 बजे नमाज पढ़ाई जाएगी। दोनों उलमाओं ने मुस्लिम समाज के लोगों से समय से पहुंचने की गुजारिश की है। उन्होंने त्यौहार मिल जुलकर मनाने को कहा है। साथ ही कहा कि खुले में जानवर की कुर्बानी न करें। शासन-प्रशासन द्वारा दी गई गाइडलाइन के तहत ही कुर्बानी करें। इधर, हल्द्वानी ईदगाह में सुबह 8.30 बजे शहर इमाम मुफ्ती मो. आजम कादरी ईद की नमाज पढ़ाएंगे। वहीं, मस्जिद आस्ताना जहांगीरी में मौलाना मुफ्ती जाबिर 7 बजे, चिराग अली शाह बाबा में पौने सात बजे मौलाना हयातुलाह खान, जलाल शाह बाबा में 7 बजे, गफ्फारी मस्जिद में सवा सात बजे, बिलाली मस्जिद में सात बजे, इंदिरानगर बड़ी मजिस्द में 7 बजे, ताज मस्जिद में सवा सात बजे, लाल मस्जिद में पौने सात बजे नमाज पढ़ी जाएगी। मौलाना आजम कादरी ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कुर्बानी पर्दे में ही करने की अपील की।

एक साल से फसल बीमा राशि के लिए कंपनी और कृषि विभाग के चक्कर काट रहे किसान

नैनीताल जिले में लगभग 1200 किसानों ने योजना के तहत कराया था धान की फसल का बीमा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जनपद में किसानों ने अतिवृष्टि और सूखे की मार से बचने के लिए बीमा कराया था। मौसम की मार से फसल चौपट हो गई, अब किसान बीमा राशि के भुगतान के लिए एक साल से कभी बीमा कंपनी तो कभी कृषि विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं मिल रहा है। हर बार कोई न कोई बहानेबाजी बनाकर किसानों को टरका दिया जाता है।

कृषि विभाग किसानों की फसल को मौसमी मार से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित करता है। नैनीताल जनपद में लगभग 1,200 किसानों ने इस योजना में अपनी धान की फसल का बीमा कराया था। फसलों का बीमा हुआ तो किसानों ने बीमा की किश्त भी जमा कर दी। पिछले वर्ष बारिश होने से उनकी धान की फसल नष्ट हो गई। किसानों की शिकायत पर बीमा कंपनी के अधिकारियों ने खराब फसल का मुआयना भी किया और जल्द बीमा राशि के भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस बात को भी एक वर्ष बीत गया, लेकिन किसानों को आश्वासन ही मिल रहे हैं, लेकिन बीमे की रकम अभी तक नहीं मिल सकी है।

केस 1 चोरगलिया के किसान राकेश महतोलिया ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले वर्ष 579 रुपये का प्रीमियम जमा कर धान की फसल का बीमा कराया था, लेकिन ज्यादा बरसात से फसल खराब हो गई थी। कंपनी के अधिकारियों ने फसल का निरीक्षण किया और बीमे की राशि देने की बात कही, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उन्हें बीमे की राशि नहीं मिल पाई है। बीमा कंपनी ने उन्हें करीब 29 हजार रुपये का भुगतान करना है।

केस 2 चोरगलिया की गंगा देवी ने वर्ष 2023 में 579 रुपये का प्रीमियम देकर धान की फसल का बीमा कराया था। अतिवृष्टि के कारण उनका धान भी खराब हो गया, लेकिन उन्हें भी अब तक बीमा का भुगतान नहीं मिल पाया है। लोगों ने बताया कि कई अन्य किसानों को भी बीमा की राशि अब तक नहीं मिल पाई है।

बोले अधिकारी

बीते दिनों फसल बीमा की समीक्षा की गई थी। कुछ किसानों को बीमे का भुगतान नहीं हुआ है। उन्हें इसी माह बीमे की राशि वितरित की जाएगी।
– **डॉ. विकेश कुमार यादव**, मुख्य कृषि अधिकारी

लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहा कृषि विभाग

किसानों का फसल बीमा को लेकर मोहभंग हो रहा है। पिछले वर्ष कृषि विभाग को विकासखंड में 1300 हेक्टेयर भूमि में फसल बीमा करने का लक्ष्य मिला था, लेकिन विभाग महज 300 हेक्टेयर भूमि में ही फसल बीमा करा पाया है। इस बार भी फसल बीमा को लेकर कृषि विभाग जोरशोर से प्रचार-प्रसार कर रहा है, लेकिन बीमे की रकम नहीं मिलने से किसान उदासीन हैं।

प्रोत्साहित करने वाला कृषि विभाग, मुआवजे पर चुप्पी

कृषि विभाग के अधिकारी हर वर्ष किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वहीं, जब किसानों को पिछले वर्ष की नष्ट फसल के मुआवजे नहीं मिलने का सवाल आता है तो अफसर चुप्पी साध लेते हैं। ऐसे में किसानों को मौसम के बाद विभागीय लापरवाही की दोहरी मार पड़ती है।

तेलंगाना की कंपनी करती है फसल बीमा

जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले वर्ष क्षेमा जनरल इंश्योरेन्स लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना किसानों का बीमा करने के लिए अधिकृत थी। किसानों का आरोप है कि कंपनी की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है। कंपनी के फील्ड स्टाफ खराब फसल की फोटो खींच लेते हैं, लेकिन मौके पर सर्वे के लिए कई दिनों बाद कंपनी से अधिकारी आते हैं। हालांकि, इस बार भी जिले में फसल बीमा के लिए यही कंपनी अधिकृत है।

रामनगर में शरबत वितरण के दौरान उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

गंगा दशहरा पर कई स्थानों पर हुआ शरबत वितरण

रामनगर : गंगा दशहरा पर्व पर नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने राहगीरों को शिकंजी एवं शरबत का वितरण किया। कसेरा लाइन में सचिन अग्रवाल, स्टेट बैंक चौराहे पर राहुल व पुरानी तहसील चौक पर पवन जैन व उनके सहयोगियों ने शिकंजी का वितरण किया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा पिछले पांच वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दौरान पवन जैन, सक्षम जेएन, राजीव अग्रवाल, अखिल मेहरोत्रा, दीपक अग्रवाल, नामित अग्रवाल, वैभव अग्रवाल मौजूद रहे।

पुलिस कर्मियों से उलझे पर्यटक, चालान काटा

नैनीताल : वन वे पर गलत दिशा में कार दौड़ाना कुछ पर्यटकों को महंगा पड़ा। पर्यटक पुलिस कर्मियों से भी उलझ गये। तल्लीताल क्षेत्र में यूपी व हरियाणा निवासी पर्यटकों ने अपनी कार वन वे में गलत दिशा से दौड़ा दी। ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने जब उन्हें रोक तो पर्यटक पुलिस कर्मियों से ही उलझने लगे। मौके पर जाम भी लग गया। पुलिस ने जब वाहन सीज करने की बात कही तो पर्यटक शांत हो गए। एसआई भावना बिष्ट ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाकर यातायात बाधित करने पर सरोजनी नगर लखनऊ निवासी राकेश कुमार सोनी और सुल्तानपुर हरियाणा निवासी शशि के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर उन्हें छोड़ दिया गया।

35 से अधिक वाहनों के काटे चालान

रामनगर : पर्वतीय क्षेत्रों में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम राहुल साह के नेतृत्व में परिवहन व पुलिस विभाग ने विभिन्न सवारी एवं मालवाहक वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, हेलमेट लगाकर न चलने वालों, मालवाहनों में ओवरलोडिंग, सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान 35 से अधिक वाहन स्वामियों व चालकों के चालान काटे गये। साथ ही दो वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा दो वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई। चेकिंग के दौरान उप जिला मजिस्ट्रेट राहुल शाह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप वर्मा, तहसीलदार कुलदीप पांडे, परिवहन कर अधिकारी सचिन कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल आदि मौजूद रहे।

सुबह घूमने को प्रेरित करने वाले बुजुर्ग सम्मानित

हल्द्वानी : गंगा दशहरा के अवसर पर वॉक ग्रुप के सदस्यों ने रविवार की सुबह हैड़ाखान रोड पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में सभा का आयोजन किया। जिसमें सुबह घूमने के लिए प्रेरित करने वाले बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 84 वर्षीय दीवान सिंह, सरदार जीत सिंह, सरदार नानक सिंह, बीडी पांडे, मनमोहन सिंह बिष्ट को समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा राज्य की प्रथम पैरा ओलंपिक खिलाड़ी सरिता बल्यूटिया और हैड़ाखान रोड में जंगली जानवरों के लिए जल कुंड का निर्माण करने वाले महेश बिष्ट को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया रहे। संचालन हरजीत सिंह चड्ढा (सोनू) ने किया। इस अवसर पर एनडी तिवारी, धीरज कुमार, गौरव महतोलिया, ललित कर्नाटक, अतुल महेश्वरी, मनीष गौड़, केडी उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

कॉलेज में प्रवेश के लिए कल तक मौका

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक के कला, वाणिज्य व विज्ञान संकायों में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। छात्र-छात्राएं 18 जून तक महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए बीए में 1040, बीकॉम में 400 तथा बीएससी (गणित) में 168 व बीएससी (बायो) में 168 सीटें प्रवेश हेतु आवंटित हैं। समर्थ पोर्टल पर अब तक बीए में 921 बीकॉम में 251, बीएससी गणित में 97 व बीएससी बायो ग्रुप में 129 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। जून प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हुई प्रवेश प्रक्रिया में बीए प्रथम सेमेस्टर में 177, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 77, बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर में 19 तथा बीएससी (बायो ग्रुप) प्रथम सेमेस्टर में 32 विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु अपने प्रमाण पत्रों की जांच कराई है। कुल 1398 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 305 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिये हैं। समर्थ पोर्टल प्रभारी डॉ. अलका राजौरिया ने सभी विद्यार्थियों से समर्थ पोर्टल पर एबीसी आईडी बनाने की अपील की है।

प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डे ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु समस्त प्रवेश काउंटरों को ग्राउंड फ्लोर पर छाया युक्त स्थानों पर बनाया है। छात्र-छात्राओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गई है।

पीएनजी कॉलेज में प्रवेश के लिए पहुंची छात्राएं। ● अमृत विचार

वनाग्नि रोकने व बारिश के लिए पूजा-अर्चना

भीमताल, अमृत विचार : गंगा दशहरा के मौके पर ओखलकांडा के ग्राम सुई स्थित देवी मंदिर में ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। साथ ही देवी मां से अति शीघ्र बारिश करने की कामना की। ग्राम वासियों ने देवी मां को नई फसल का भोग लगाया तथा संपूर्ण क्षेत्र को अग्निकांड से मुक्त करने के लिए भी प्रार्थना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हेम सुयाल, सोनी सुयाल, प्रकाश सुयाल, देवी दत्त बृजवासी, भोला दत्त सुयाल, नित्यानंद सुयाल, हरीश चन्द्र सुयाल, तरुण सुयाल, मोहन सुयाल, संजय बृजवासी, हेमा मिश्रा, पूजा, दीक्षा, हिमानी आदि मौजूद रहे।

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू करने को मुखर हुए लोग

रामनगर, अमृत विचार : लगभग 74 वर्ष पहले तक चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रह चुके रामनगर को फिर से जोड़ने के लिए लोग मुखर होने लगे हैं। स्थानीय व्यापारियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं व पुरुषों के साथ ही भारत विकास परिषद ने भी रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू करने का समर्थन किया है। वर्ष 1950 तक रामनगर चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव हुआ करता था। भारत विकास परिषद का कहना है कि यदि इस यात्रा से रामनगर को जोड़ा जाता है तो यह अध्यात्म की नगरी के रूप में विख्यात होगा। साथ ही कुमाऊ के कई क्षेत्र भी सरकार के सहयोग से लाभान्वित होंगे। परिषद का कहना है कि रामनगर से इस यात्रा को जोड़ने से नैनीताल, रानीखेत, अल्मोड़ा, द्वाराहाट के तीर्थ स्थल भी पर्यटन के रूप में विकसित होंगे, जिससे सरकार को अच्छा राजस्व प्राप्त होगा। इस संबंध परिषद के पदाधिकारियों ने क्या कहा आप भी जानिए...

रामनगर चारधाम यात्रा का प्राचीन विश्राम स्थल रहा है। इस यात्रा के प्रारंभ होते ही उत्तराखंड में प्रवासियों की वापसी की संभावनाएं बढ़ जाएगी। एक अभिशाप जो हमारे क्षेत्र में पलायन का है वह दूर हो जाएगा।
– **कमल किशोर सिंघल**, संरक्षक

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। ऋषिकेश और हरिद्वार में यातायात का दबाब कम होगा। तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा और जाम से राहत मिलेगी।
– **अमन अग्रवाल**, अध्यक्ष

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू होने से हरिद्वार और ऋषिकेश में जाम की समस्या कम होगी। यात्रा के लिए जाने वाला मार्ग छोटा है। रामनगर से यात्रा शुरू होने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे कुमाऊं क्षेत्र का विकास भी होगा। – **सुलभ बंसल**, सचिव

रामनगर से चारधाम यात्रा शुरू होने से न केवल गढ़वाल रूट का लोड कम होगा, अपितु पूरे उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास को भी गति मिलेगी। यात्रा से बेरोजगारों को भी रोजगार मिलेगा। पूर्व की तरह चारधाम यात्रा रामनगर से शुरू होनी चाहिए। – **वैभव अग्रवाल**, उपाध्यक्ष ग्रामीण विकास

सनातन परंपरा में परिक्रमा का विशेष महत्व है। हरिद्वार से यात्रा प्रारंभ होने के बाद चारों धाम की यात्रा कर रामनगर स्थित श्री रामा मंदिर में दर्शन करने से ही यह परिक्रमा पूरी होती थी, जो कालांतर में यह व्यवस्था भंग हो गई है। इसे पुन: शुरू किया जाना चाहिए। – **विकास अग्रवाल**, उपाध्यक्ष

चारधाम यात्रा में सुगमता के लिए इसे पुन: रामनगर से जोड़ा जाएगा तो इसका लाभ गढ़वाल मंडल के साथ ही कुमाऊं मंडल को भी मिलेगा। रामनगर पर्यटन की दृष्टि से कुमाऊं में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसको रामनगर से संचालित किया जाना चाहिए
– **अंशुल अग्रवाल**, कोषाध्यक्ष

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% • NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. +91-7617632557

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहैबिलिटेशन सेंटर
डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली, एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY
पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या पेशाब होने का अनुभव न होना प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं
पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलेक्ट्रो कोम्बिनेशन थैरेपी • ड्राई निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आइस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टी.एम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • ११ एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
पैरालाइसिस, चेहरे का लकवा, कमर में दर्द, स्लिप डिस्क, शरीर में घाव, बैड सोर, सर दर्द, माइग्रेन, जोड़ों का दर्द (गठिया), कोहनी में दर्द, कंधों का जाम या दर्द, गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना, साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द), घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस), बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी), फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न, मांसपेशियों में खिंचाव, रीढ़ी में दर्द, हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन, डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याऐं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
अब्दुल सईद बब्लू
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवास कंचनपुरी खटीमा

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
नासिर खान
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
निवास खटीमा

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
जसविंदर सिंह पप्पू
किसान नेता एवं पूर्व अध्यक्ष कंचनपुरी सोसायटी

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
क़ामिल खान
प्रशासक
जामा मस्जिद मदरसा रहमानिया खटीमा

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
राजेश पटेल
आगामी ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
निवास मझोला खटीमा

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
अरविंद कुमार
जिला पंचायत सदस्य उधमसिंह नगर
प्रदेश उपाध्यक्ष
जिला पंचायत संगठन उत्तराखंड

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद
खजान गुड्डू
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद
Shama Vegetarian Restaurant
SARTAJ & BROTHERS
शकील आजम M.9719838486,9756390024
Near Roadways, Tikonia Road Haldwani (Nainital) U.K.

समस्त क्षेत्रवासियों को ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद
सुमित हृदयेश विधायक हल्द्वानी
मो. गुफरान
निवर्तमान पार्षद वार्ड नं. 21
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम
मो. 9927066967

आप सभी को ईद-उल-अज़हा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MOON SERVICE POINT
Total Reliability in Service
Specialist in : Refrigerator, Washing Machine, Air Conditioners, Repair Genuine Spare
Opp. Bank of Nainital Road, Haldwani
Contact : 9837036176, 9837314505
Zubair Khan
Najeeb Khan

सार-संक्षेप

मंगलपड़ाव सब्जी मंडी में जलजीरा वितरित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति ने बांटा जलजीरा

हल्द्वानी : फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति ने रविवार को मंगल पड़ाव सब्जी मंडी में लस्सी और जलजीरा बांटा। अध्यक्ष रुपेंद्र नागर ने बताया कि सुबह 10 :30 बजे से 1 :30 बजे तक धूप में पेय पदार्थ बांटे गए। इस अवसर पर चार से पांच हजार लोगों ने लस्सी व जलजीरा पिया। भीषण गर्मी में समिति के सहयोग से यह आयोजन किया गया था। गर्मी को देखते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में भी किए जाएंगे। पेय पदार्थ बांटने वालों में रामस्वरूप गुप्ता, दीपक केसरवानी, योगेश गोस्वामी, ललित जायसवाल, हसीनअंसारी, नरेंद्र सक्सेना, पप्पू गुप्ता, मक्खन साहू, चेतन जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अशोक कश्यप, दीपक केसरवानी, विक्की सोनकर, रिंकू राजपूत, रामगुप्ता, राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

व्यापारी स्वर्ण सिंह आहूजा के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी : प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने प्रतिष्ठित कारोबारी स्वर्ण सिंह आहूजा के निधन पर शोक जताया। पदाधिकारियों ने शोक जताते हुए कहा कि स्वर्ण सिंह कारोबारी के साथ-साथ धार्मिक व सामाजिक प्रवृति के व्यक्ति थे। उनकी कमी व्यापार जगत के लिए नुकसान है। शोक जताने वालों में महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, सुभाष मोंगा, राजेंद्र फर्सवान, देवेश अग्रवाल, प्रभजोत चंडोक, पूरनलाल साह, ऋषभ पाठक, जितेंद्र अरोड़ा, असमीत गुजराल, विनोद आनंद, शंकर भुटियानी, हेमंत जुनेजा, राजीव वर्मा, गौरव अग्रवाल शामिल थे।

विश्रामालय निर्माण के लिए दो लाख देने की घोषणा

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने ग्राम सभा रौसिला, पसौली, पनिया बोर, पनिया मेहता, ओखलढूंगा गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क अन्य बुनियादी समस्याएं उठाईं। विधायक कैड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर वार्ता कर समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने ओखलढूंगा के सीनाड घाट में विश्रामालय निर्माण के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। जल्द ही सिरोड़ी में हैंडपंप लगाया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों के साथ लोगों को शरबत वितरित करते निवर्तमान मेयर डॉ. रौतेला।

गंगा दशहरा पर सामाजिक संगठनों ने बांटा शरबत

हल्द्वानी : गंगा दशहरा पर्व पर सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह लोगों को शरबत वितरित किया। वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के सदस्यों ने कोतवाली के निकट शरबत बांटा। इस दौरान निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने भी लोगों को शरबत वितरित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, डीके बल्यूटिया, सीएम पांडे, पीएस जंतवाल, आनंद सिंह भाकुनी, विपिन चन्द्र बिष्ट मौजूद रहे। वहीं मानव उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने कमलुवागांजा रोड कुसुमखेड़ा में शरबत वितरण किया। सतगुरुदेव सतपाल महाराज के अनुयायियों ने दोपहर 2 बजे तक राहगीरों को शरबत वितरण किया। यहां ज्वाला दत्त पाठक, प्रेमचंद जोशी, यश मिश्रा, मुन्ना, अजय उप्रेती, राधे राम गोपाल नेगी मौजूद रहे।

आवासीय छात्रावास के लिए 60 खिलाड़ियों का चयन

हल्द्वानी : नैनीताल जिले से आवासीय छात्रावास के लिए 60 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों का स्किल ट्रायल लिया गया। इसमें फुटबॉल में 10 बालकों व 8 बालिकाएं, एथलेटिक्स में 5 बालकों व 4 बालिकाएं, बैडमिंटन में 1 बालक व 3 बालिकाएं, बॉक्सिंग में 6 बालकों व 6 बालिकाओं का चयन किया गया है। वॉलीबॉल में 5, क्रिकेट में 7 बालकों और हॉकी हॉस्टल के राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए 5 बालिकाओं का चयन किया गया है। उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में भी प्रतिभाग करेंगे।

शिविर में 67 लोगों ने किया रक्तदान

हल्द्वानी : भाजपा युवा मोर्चा मुखानी मंडल ने देवलचौड़ स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 32 लोगों ने रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि शहर के ब्लड बैंकों में गर्मियों के मौसम में रक्त की कमी न हो, इसलिए शिविर लगाया गया है। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, रंजन बर्गली, कनिष्क ढींगरा, रक्षित तिवारी मौजूद रहे। वहीं बरेली रोड स्थित शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में भी भाजपा युवा मोर्चा ने रक्तदान किया। नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 35 लोगों ने रक्तदान किया।

डालकनिया गांव में सम्मानित बुजुर्गों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

डालकनिया गांव में हुआ बुजुर्गों का सम्मान

हल्द्वानी : ओखलकांडा विकासखंड के डालकनिया गांव में बुजुर्ग सम्मान समारोह हुआ। इसमें कई बुजुर्गों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु ने बताया कि कार्यक्रम हर वर्ष किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान भावना को बढ़ाना है। आयोजकों ने कुमाउनी संस्कृति को जीवित रखने वाले दिवान सिंह चुलगायी, लाल सिंह बिष्ट, धार्मिक परंपराओं के क्षेत्र में काम करने वाले पुजारी पान देव पनेर, प्रताप सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट को अंगवस्त्र भेंट किया। इनके अलावा भागीरथी देवी, भगवती देवी, जगन्नाथ पनेरु, लाल मणि पनेरु, नंदा बल्लभ पनेरू, गोपाल दत्त पनेरू का भी सम्मान किया गया। अंत में भंडारा किया गया। इस दौरान संदीप परगांई, भोलानाथ कुड़माई, ललित भट्ट, गिरीश पनेरु, भवानी सिंह बिष्ट, गणेश राम मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षा का आयोजन

हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग और पैरामेडिकल से संबंधित विषयों की प्रवेश परीक्षा हुई। एएनएम पाठ्यक्रम में कुल 94 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि सात अनुपस्थित थे। एमएससी नर्सिंग विषय में 35 में से चार विद्यार्थी अनुपस्थित थे। बीएससी पैरामेडिकल विषय में 190 में से 16 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे और एमएससी पैरामेडिकल में एक विद्यार्थी ने परीक्षा दी। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

छह घंटे गुल रही बिजली, लोग हुए परेशान

हल्द्वानी : बिजली कटौती से लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शनिवार देर रात शहर और ग्रामीण इलाकों में करीब छह घंटे तक बिजली कटौती रही। बिजली न होने के कारण कई घरों में इन्वर्टर भी जवाब दे गये। कठघरिया, कालाढूंगी, 13 बीघा, इंदिरानगर, गौजाजाली, नैनीविहार, रामपुर रोड, मुखानी समेत कई इलाकों में इन दिनों बिजली कटौती की समस्या से लोग परेशान हैं। ईई डीडी पांगती ने बताया कि कठघरिया बिजली उपकेंद्र में केबल फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति बाधित रही।

आज बनभूलपुरा में वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी, ईद मनाने पहाड़ नहीं जा पाएंगे

ईद-उल-जुहा पर पुलिस ने जारी किया डायवर्जन प्लान, पहाड़ की ओर जाने वालों को रास्ते लौटना होगा वापस

व्यवस्था

- मंगलपड़ाव से घासमंडी की तरफ वर्जित रहेगा प्रवेश
- पर्यटक और सभी बड़े वाहन शहर के बाहर से गुजरेंगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईद-उल-जुहा को लेकर पुलिस ने व्यापक तैयारी की हैं। ईद के दिन यानि आज बनभूलपुरा की ओर किसी भी तरह के वाहनों के जाने पर पाबंदी होगी। ईद का जश्न मनाने पहाड़ की ओर जाने वालों को इस बार बीच रास्ते से वापस लौटना होगा। डायवर्जन के तहत सभी बड़े और पर्यटक वाहन शहर के बाहर से होकर गुजरेंगे। डायवर्जन 17 जून को सुबह 7 बजे से समाप्ति तक लागू रहेगा।

पुलिस के मुताबिक मंगलपड़ाव से घासमंडी की तरफ दोपहिया और चौपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित होगा। गौलापुल रेलवे कासिंग से ताज चौराहे की ओर व ताज चौराहे से गौलापुल रेलवे कासिंग की ओर भी दोपहिया और चौपहिया वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। रामपुर रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले बड़े वाहन टीपीनगर तिराहा से मुड़कर कर बरेली रोड तीनपानी बाईपास तिराहा से गौला बाईपास होते हुए काठगोदाम की ओर जायेंगे।

बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन तीनपानी बाईपास तिराहा से गौला बाईपास होते हुए काठगोदाम की ओर जायेंगे। जबकि कालाढूंगी रोड के बड़े वाहन लालडांठ तिराहे से पनचक्की होते हुए काठगोदाम की ओर जायेंगे। भीमताल और नैनीताल से आने वाले वाहन नरीमन तिराहा काठगोदाम से मुड़कर गौला बाईपास होते हुए बरेली और रामपुर रोड की ओर जायेंगे।

छोटे वाहनों का डायवर्जन

हल्द्वानी : बरेली रोड से पहाड़ जाने वाले छोटे वाहन तीनपानी से डायवर्ट होकर गौला बाईपास की ओर, रामपुर रोड से पहाड़ जाने वाले, जिन्हें नैनीताल जाना है वो पंचायतघर तिराहे से आरटीओ रोड होते हुए हनुमान मंदिर से कालाढूंगी रोड होते जायेंगे। कालाढूंगी रोड से पहाड़ जाने वाले लालडांठ तिराहे से मुड़कर काठगोदाम की ओर जायेंगे। नैनीताल रोड से बरेली रोड जाने वाले वाहन नरीमन तिराहा से गौला बाईपास होते हुए जायेंगे।

रेलवे क्रॉसिंग से शहर में नहीं हो पायेंगे दाखिल

हल्द्वानी : गौलापुल रेलवे कासिंग से शहर के अंदर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा। रामपुर रोड से आने वाली बसें टीपीनगर तिराहे से मुड़कर तीनापनी बाईपास से गौला बाईपास होते हुए जाएंगी। बरेली रोड से पहाड़ की ओर जाने वाली बसें भी तीनपानी से मुड़कर गौला बाईपास की ओर जायेंगी। कालाढूंगी रोड की बसें लालडांठ तिराहे से मुड़कर हाईडिल तिराहा से तिकोनिया होते हुए रोडवेज स्टेशन जायेंगी। जबकि पहाड़ से आने वाली रोडवेज व केमू की बसें नरीमन तिराहे से तिकोनिया, वर्कशॉप लाइन होते हुए रोडवेज स्टेशन जाएंगी। रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी से बरेली रोड और रामपुर रोड जाने वाली बसें रोडवेज पश्चिमी गेट से सिंधी चौराहा होते हुए बरेली और रामपुर रोड को जायेंगी। कालाढूंगी रोड की ओर जाने वाली बसें रोडवेज पूर्वी गेट से वर्कशॉप लाइन, प्रेम टॉकिज, तिकोनिया, डिग्री कॉलेज तिराहा, हाईडिल गेट तिराहा का इस्तेमाल करेंगी। रोडवेज पूर्वी गेट से गौलापुल व गौलापुल रेलवे क्रॉसिंग से शहर में प्रवेश वर्जित होगा।

पहाड़ की ओर जाने से तीन दिन गुरेज करें

हल्द्वानी : विभिन्न स्थानों से ईद मनाने के लिए पहाड़ जाने वालों को तीन दिन तक पहाड़ जाने से गुरेज करना होगा। पुलिस के मुताबिक यह व्यवस्था 17 जून से 19 जून तक लागू रहेगी। जिसके तहत रामपुर रोड, बरेली रोड, चोरगलिया रोड, कालाढूंगी रोड से ईद मनाने के लिए पर्वतीय क्षेत्र (नैनीताल, भीमताल, भवाली) को जाने वाले सभी दोपहिया वाहनों को चेकिंग प्वाइंट (टांडा बैरियर, बेलबाबा, आम्रपाली चौकी, खेड़ा चौकी, नारीमन तिराहा, भीमताल मोड़) पर रोककर वापसकियाजायेगा।

फैटी लिवर गंभीर बीमारी : कांडपाल

हल्द्वानी, अमृत विचार : फैटी लीवर बड़ी समस्या बन रही है। जून माह के हर दूसरे गुरुवार को वैश्विक फैटी लीवर दिवस के रूप में मनाया जाता है। शराब नहीं पीने पर भी फैटी लीवर की समस्या हो सकती है। अंकिता गेस्ट्रो केयर के डॉ. अजय कांडपाल (डीएम, डीएनबी, डीआरएनबी) ने बताया कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर एक गंभीर बीमारी है। सही समय पर इसका उपचार कराना ही बेहतर है।

लखनऊ जाने वाली बसें यात्रियों से पैक

हल्द्वानी, अमृत विचार : रविवार को हल्द्वानी बस स्टेशन में यात्रियों की भारी भीड़ जुटने से सभी बसें पैक रहीं। हल्द्वानी से लखनऊ के लिये 3 बसें रात में अल्मोड़ा, रानीखेत, काठगोदाम डिपो की बसे चलती हैं। सीजन के चलते भारी भीड़ उमड़ने से सभी बसें पैक हो गईं। एक बस के यात्रियों को टिकट काउंटर में लाइन लगाकर टिकट लेना पड़ा। वहीं गंगा दशहरा स्नान के चलते परिवहन निगम की आने-जाने वाली करीब 20 से ज्यादा बसें जाम में फंस गईं। जिससे बसें 3 घंटे लेट हुईं। एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि गंगा दशहरा होने के चलते बसें पैक रहीं। सोमवार से स्थिति सामान्य रहेगी।

एक लाख में से 50 बच्चों में पाया जाता है गठिया रोग: डॉ. रखोलिया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में बच्चों में गठिया रोग को लेकर कार्यशाला हुई। जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि यह मानना गलत है कि गठिया अधिक उम्र के लोगों की बीमारी है। कम उम्र के लोगों में भी गठिया रोग के मामले सामने आते हैं।

मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह ने कहा कि जुवेनाइल आर्थराईटिस को बाल गठिया रोग के रूप में जाना जाता है। यह बीमारी 16 वर्ष की आयु में ही शुरू हो सकती है। लंबी अवधि से तेज बुखार, वजन का न बढ़ना, मांशपेशियों में कमजोरी व जोड़ों में दर्द इसके मुख्य लक्षण हैं। बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रितु रखोलिया ने कहा कि एक लाख में से 50 बच्चों में गठिया रोग पाया जाता है। भारत में करीब 2.5 लाख बच्चों में गठिया होने की संभावना है।

एम्स दिल्ली के डॉ. नरेंद्र बागरी ने कहा कि ल्यूपस के संभावित लक्षणों में थकान, जोड़ों में दर्द, बालों का झड़ना और बच्चों के गालों और नाक पर तितली दाने आदि शामिल है। इस दौरान एसटीएच के एमएस डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. गुंजन नगरकोटी, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. प्रणयी बोस, डॉ. अजय पांडे, डॉ. रवि अदलखा, डॉ. प्रदीप पंत मौजूद रहे।

सेमीनार का दीप जलाकर शुभारंभ करतीं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ रितु रखोलिया।

एमबीपीजी में दूसरी कट ऑफ लिस्ट जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में रविवार को दूसरी कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है। बीएससी बायो और गणित विषय में 46 फीसदी और कामर्स विषय में 50 फीसदी से अधिक अंक वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। अभी बीए की कक्षाओं के लिए दूसरी मेरिट जारी नहीं की गई है।

दूसरी मेरिट में आने वाले छात्रों को 18 जून को सुबह 10 बजे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए छात्रों ने 7 जून से 14 जून तक समर्थ पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन किया था। इसमें बीए में 1050, बीएससी गणित में 148, बीएससी बायो में 174, वाणिज्य में 257 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था। प्रवेश समिति के प्रभारी डॉ. अमित सचदेव ने बताया कि दूसरी मेरिट को महाविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है।

किसानों को 80 प्रतिशत छूट पर मिलेंगे कृषि यंत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : केंद्र सरकार की कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम) योजना के तहत किसान 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र खरीद सकते हैं। इसके लिए उन्हें पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

खेती को सुविधाजनक बनाने के लिए नई तकनीकों और मशीनों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाने लगा है। अधिकतर मशीनें महंगी होने के कारण किसान उन्हें खरीद नहीं पाते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की एसएमएएम योजना के तहत किसान, किसान समूह, स्वयं सहायता समूह आदि महंगी मशीनें खरीद सकते हैं। योजना के तहत पर्वतीय क्षेत्रों के किसान 80 प्रतिशत और मैदानी क्षेत्र के किसान 50 प्रतिशत अनुदान के साथ कृषि यंत्र खरीद सकते हैं। इसके लिए किसानों को डीबीटी एग्री मशीनरी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। 21 जून से किसान इस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वी. कुमार ने बताया कि योजना का लक्ष्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके खेती को अधिक कुशल और उत्पादक बनाना है। कृषि मशीनीकरण से बीज, उर्वरक, समय आदि की बचत और खरपतवार में कमी, श्रम में कमी, अंकुरण दर में सुधार, फसल गहनता में वृद्धि और फसल उपज में वृद्धि होती है। पिछले वर्ष जिले में 25 सौ किसानों व समूहों ने योजना का लाभ उठाया था, जिन्होंने 5.5 करोड़ रुपये के यंत्र खरीदे थे।

भारती प्रदेश अध्यक्ष एल्विना मैथ्यू प्रदेश महामंत्री चुनी गईं

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन के 30 जून को गांधी शताब्दी नेत्र चिकित्सालय में होने वाले द्वितीय वार्षिक अधिवेशन से पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से भारती जुयाल प्रदेश अध्यक्ष, एल्विना मैथ्यू प्रदेश महामंत्री, मस्तराम प्रदेश कोषाध्यक्ष, वीना शाह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गिरीश उनियाल प्रदेश प्रभारी, छवि घिल्डियाल गढ़वाल मंडल अध्यक्ष चुनी गईं। 30 जून को नर्सिंग अधिवेशन में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल संपन्न होगा एवं नई कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्यालय में होगा। इस दौरान मीनाक्षी जखमोला, कांति राणा, अंजना, बबीता, रश्मि मौजूद रहे।

वन क्षेत्राधिकारी संघ ने की निलंबित अधिकारी-कर्मियों की बहाली की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

बैठक

- जल्द बहाली नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी
- पक्ष सुने बिना ही एक तरफा कार्रवाई को बताया गलत

अमृत विचार : वन क्षेत्राधिकारी संघ की एक आपातकालीन बैठक ऑनलाइन हुई। इसमें वक्ताओं ने बिनसर अभ्यारण्य में तीन आईएफएस और 17 वन कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई पर नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि अधिकारी-कर्मचारी का पक्ष सुने बिना ही एक तरफा कार्रवाई गलत है। सभी की बहाली नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

रविवार को हल्द्वानी में हुई बैठक में सभी क्षेत्राधिकारियों ने सर्वप्रथम बिनसर अभ्यारण्य अग्निकांड में मारे गए वन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का संकल्प लिया। इसके बाद वक्ताओं ने कहा कि वन कर्मचारियों का पक्ष सुने बिना ही पूर्व में 17 वन कर्मी और अब बिनसर अग्निकांड में तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी और कर्मी सीमित संसाधनों में वनाग्नि बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान आए दिन हादसे होते हैं, जिनमें कर्मी जान गंवाते हैं। वनाग्नि सीजन शुरू होने से पहले आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में चारधाम यात्रा रूट, जगह-जगह पर घटनाएं हो रही हैं, जिनमें लोगों की मौत हो रही हैं। फिर भी लोनिवि, राजस्व, परिवहन, पुलिस किसी भी विभाग पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में सिर्फ वन विभाग के कर्मचारी पर ही दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी बहाली नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। बैठक में नवीन पवार, महेंद्र सिंह रैकुनी, सीएस अधिकारी, एमसी जोशी, प्रदीप पंत, नवीन रौतेला, आरएन गौतम, जीएन चनियाल, मनोज पांडेय, शेखर तिवारी, कुशल राम, नवीन चंद्र जोशी, मुकुल शर्मा आदि मौजूद थे।

ट्राई क्लब द्वारा आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में योग करते लोग।

योग कार्यक्रम में उमड़े लोग

हल्द्वानी : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत ट्राई क्लब ने रविवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया। संचालक संजय रावत ने बताया कि नैनीताल रोड स्थित वुडपेकर पार्क में सुबह 5 से 7 बजे तक हुए कार्यक्रम में 80 महिलाओं और 40 पुरुषों ने भाग लिया। क्लब सदस्य प्रियंका ने करो योग और रहो निरोग का संदेश देते हुए योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया। क्लब सदस्य उषा ने योग के साथ महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। इस अवसर पर जीएस बिष्ट, दीपक दानी, रेखा बिष्ट, मनोज वर्मा, राकेश पांडे, ईशान बगडवाल, भविष्य बिष्ट, तुषार बिष्ट मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

पर्यटन बिना बुकिंग के आ रहे सैलानियों को कमरों के लिए पड़ रहा भटकना

नैनीताल में 25 जून तक होटल व गेस्ट हाउस पैक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की आमद जारी है। देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में सैलानी हर दिन यहां पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय कारोबारियों के चेहरों में रौनक है।

रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे। सैलानियों ने नौकायन का लुत्फ उठाया। साथ ही बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। इसके अलावा केप गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, सरियताल आदि पर्यटन क्षेत्रों से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से नैनीताल में 25 जून तक होटल, गेस्ट हाउस व होमस्टे लगभग पैक हो गए हैं। जिसके चलते बिना बुकिंग के आ रहे सैलानियों को कमरों के लिए इधर-इधर भटकना पड़ रहा है। अगर कमरे मिल भी रहे हैं तो वे काफी महंगे मिल रहे हैं। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हिमालय दर्शन क्षेत्र से नैनी झील का विहंगम दृश्य। ● अमृत विचार

पुलिस-प्रशासन को करना चाहिए सहयोग

नैनीताल : मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि कई सैलानी बाहरी राज्यों से यहां घूमने के लिए आ रहे हैं, मगर उन्हें नैनीताल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जिससे उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। रविवार को नगर की सभी पार्किंग खाली पड़ी रही। मानसून के संकेत मिलने शुरू हो चुके हैं, ऐसे में पुलिस-प्रशासन को व्यापारियों को सहयोग करना चाहिए। अन्यथा उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एक नजर

बच्चों के विवाद में भिड़े बड़े, चले लाठी-डंडे

बाजपुर : बच्चों में हुए विवाद के बाद बड़ों में कहासुनी हो गई जिसमें देखते ही देखते लाठी-डंडे चल निकले। घटना में दोनों पक्षों के चार लोगों के चोटें आई हैं। ग्राम महेशपुरा में शनिवार की सायं खेल रहे बच्चों के बीच विवाद हो गया जिसमें बच्चों ने इसकी शिकायत अपने परिजनों से कर दी। देर रात करीब 11 बजे दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनमें देखते ही देखते लाठी-डंडे चल निकले। घटना में दोनों पक्षों के गीता पत्नी सुनील, राकेश, अनिकेत व भोला घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची दोराहा चौकी की पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहीं समाचार लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से तहरीर नहीं दी गई थी।

देहरादून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ उड़ान रद

पंतनगर : देहरादून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ हवाई मार्ग पर फ्लाई बिग कंपनी अपने 19 सीटर विमान से हवाई सेवा प्रदान कर रही है। पंतनगर एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि किन्हीं कारणों से रविवार को यह उड़ान रद कर दी गई है। जबकि सूत्रों के अनुसार पर्याप्त यात्री नहीं मिलने के कारण कंपनी प्रबंधन को यह निर्णय लेना पड़ा है।

गुलदार का गाय पर हमला

बाजपुर : दाबका पार वनगढ़ गोबरा से सटे जंगल क्षेत्र में घास चरने गई वन गुर्जर की गाय पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिसमें मवेशी की मौत हो गई है। शनिवार की सायं दाबका पार वनगढ़ गोबरा से सटे जंगल क्षेत्र में गुलदार ने घास चरने गई गाय पर हमला करके उसे अपना शिकार बना लिया, जिसमें गाय की मौत हो गई। गाय किसी वन गुर्जर की बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी से आसपास के गांवों के ग्रामीणों दहशत का माहौल बना हुआ है।

दुकान से सामान चोरी

बाजपुर : तीन युवकों पर मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोना इस्लामनगर निवासी मीना पत्नी स्व .प्रेम सिंह ने बताया कि बद्रीपुर स्थित उसकी दुकान पर 14 जून को तीन युवक घस गए और हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी करके ले गए हैं। तीनों आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

बाजपुर : सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शिवनगर लाहौरी बाबरपुरी स्वार रामपुर उप्र निवासी मो .हारून पुत्र याकूब अली गांव-गांव फेरी लगाकर कास्मेटिक का सामान बेचने का काम करता है। बताया जाता है कि वह बाइक से फेरी लगाने बरहैनी की तरफ जा रहा था। इसी बीच शहर के मध्य मुख्यमार्ग पर स्थित भगत सिंह चौक पर ट्रफिक सिग्नल लाइट रेड होने पर रुक गया। आरोप है कि इसी बीच उसके पीछे से पहुंचे हाइड्रा वाहन चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और वहां से वाहन दौड़ाकर फरार हो गया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हारून को आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की करायी गयी है जीआईएस मैपिंग, जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आया

मानसून से पूर्व 29 बाढ़ चौकी व 8 नियंत्रण कक्ष बनाए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मानसून सत्र शुरू से पूर्व ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिले में बनाई गई 29 बाढ़ चौकियों और 8 तहसीलों में बनाया गये आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे कार्य करने के लिए सक्रिय किया गया है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित 70 संवेदनशील और 52 अति संवेदनशील क्षेत्रों की जीआईएस मैपिंग भी करायी गयी है।

यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर जनपद में बरसात के मौसम में कल्याणी, ढेला, कोसी, बौर, भाखड़ा, कैलाश, देवहा, परवीन, कामन, बैगुल नदियां उफान पर रहकर काफी तबाही मचाती है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से गांवों और बस्तियों में भारी जलभराव हो जाता है। इस दौरान वहां रह रहे परिवारों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना पड़ता है। इसको लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तैयारियां कर ली है। इसके तहत राहत और बचाव कार्य के लिए जिले में 98 स्थान शरण स्थल के रूप में चिह्नित किये गये हैं। इसमें 51220 लोगों के रहने की व्यवस्था की जा सकती है। इसके अलावा 6 मोटर बोट, 113 नावों के साथ ही 14 सेटेलाइट फोन की व्यवस्था की गयी है। इंसिडेंट रिस्पांस टीम (आईआरएस) में पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों को शामिल कर जिम्मेदारियां दी गई हैं। इसके अलावा राहत शिविर बनाने के लिए 1103 प्राथमिक, जूनियर और माध्यमिक स्कूल को चिह्नित किया गया है। इसके अलावा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 05944-250719, 250250, 250222, 250500 और टोल फ्री नंबर 1077 को सक्रिय कर दिया गया है। ताकि किसी प्रकार की आपदा होने पर तुरंत इन नंबरों में जानकारी मिल सके और रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके।

> जिले में मानसून से पूर्व 29 बाढ़ चौकियां और 8 नियंत्रण कक्षों को स्थापित कर दिया गया है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की जीआईएस मैपिंग भी करायी गयी है। साथ ही आपतकालीन केंद्र के सभी नंबरों को सक्रिय किया गया है, ताकि जिले में कहीं भी कोई आपदा होने पर तत्काल जानकारी मिलने के साथ अभियान चलाया जा सके।
> -**उमाशंकर नेगी**, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

दो दिन तराई में और बढ़ेगा तापमान

- रविवार को 43 डिग्री रहा तराई का अधिकतम तापमान

काशीपुर : तराई में अगले दो दिन तापमान मे बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। साथ ही दो दिन बाद तराई के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 43 .1 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 28 .2 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि 19 किलोमीटर की रफ्तार से उत्तर पश्चिम से हिट वे चली। इसके चलते लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ा होगा। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तापमान एक डिग्री और गर्म रहने की संभावना है। बताया कि दो दिन बाद तराई के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

शराब भट्ठियां ध्वस्त कीं एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा/पुलभट्टा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने शराब तस्करी के आरोप में 400 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक को दबोच लिया, जबकि दो आरोपी फरार हो गए।

ग्राम चंदन नगर नदी किनारे छापामार कार्रवाई कर ग्राम महाराजपुर, थाना किच्छा निवासी शराब तस्कर विजय कुमार को दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 400 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। करीब 5 हजार लीटर लहन नदी में बहा दिया। टीम ने शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर शराब बनाने के तमाम उपकरण तथा शराब तस्करी में लिप्त वाहन को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी ग्राम महाराजपुर, थाना किच्छा निवासी विजय कुमार तथा मौके से फरार आरोपी ग्राम लालपुर, थाना किच्छा निवासी नरेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू एवं शमशेर सिंह उर्फ शंभू के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने टायर ट्यूब एवं एल्युमिनियम के पतीले में रखी करीब 400 लीटर अवैध कच्ची शराब, लोहे के दो ड्रम आदि को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने थाना अंतर्गत जीरोबंदा जंगल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ग्राम शहदौरा, थाना पुलभट्टा निवासी रणजीत सिंह को प्लास्टिक के कट्टे से पाउच में रखी 42 लीटर अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी रणजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मेट्रोपोलिस रेजिडेंट्स की कार्यप्रणाली पर मेट्रोपोलिस ऑनर्स ने उठाए सवाल

आय-व्यय का लेखा-जोखा न दिखाने व मनमाने ढंग से चार्ज बढ़ाने पर पुलिस को सौंपी तहरीर

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : शहर की पाश मेट्रोपोलिस कॉलोनी में अनियमितताओं को लेकर मेट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन (मोवा) के पदाधिकारियों ने एक बैठक आयोजित की। इसमें पदाधिकारियों ने मेट्रोपोलिस रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एमआरडब्ल्यूए) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

रविवार को मेट्रोपोलिस विला क्लब में आयोजित सभी में मेट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य केएस कार्की, सचिव राजीव भटनागर और लोगों ने कॉलोनी का रखरखाव देख रही मेट्रोपोलिस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। साथ ही कहा कि एसोसिएशन का पंजीकरण रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा निरस्त करने की सिफारिश निदेशालय से की गई है। एसोसिएशन की ओर से न तो आय-व्यय का लेखा जोखा दिया जा रहा है और न ही रखरखाव संबंधित समुचित सुविधाएं दी जा रही हैं। इतना ही नहीं मनमाने ढंग से रखरखाव चार्ज बढ़ाया जा रहा है।

पदाधिकारियों ने कहा कि निर्माण कंपनी ने एसोसिएशन को रखरखाव का हस्तांतरण भी अनुचित तरीके से किया गया है। कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था भी लचर है और आपराधिक गतिविधियों का बोलबाला है। कॉलोनी में ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण हो गया है। सभी के बाद सभी पदाधिकारियों ने सिडकुल पुलिस चौकी में संबंधित एसोसिएशन के खिलाफ तहरीर सौंपकर न्याय की गुहार लगायी है। इस अवसर पर एसएस बोहरा, गोपाल बंसल, पंकज तिवारी, हरीश कनौजिया, एएन मिश्रा, एके शर्मा, अमूल मिश्र, विकास गर्ग, आशीष रत्न, बसंत जोशी, हरवीर सिंह, एके गुप्ता, सुमन बोरा, शशि श्रीवास्तव, दीपा जंगपांगी, असलम कोहरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

मेट्रोपोलिस के विला क्लब में बैठक करते मेट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सिडकुल में मजदूरों का न्यूनतम वेतनमान लागू किया जाना चाहिए

मजदूर सत्याग्रह

- गांधी पार्क में आयोजित हुआ मजदूर सत्याग्रह कार्यक्रम
- लाइसेंस के दुरुपयोग पर केस दर्ज किए जाने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : डॉल्फिन मजदूर संगठन के आह्वान पर गांधी पार्क रुद्रपुर में मजदूर सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने एक स्वर से सिडकुल में न्यूनतम वेतनमान लागू किया जाने, ठेका अस्थाई सहित सभी मजदूरों को नियमानुसार बोनस दिलाए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा ठेकेदारों के लाइसेंस का दुरुपयोग करने वाले कंपनी मालिकों और ठेकेदारों के खिलाफ सिविल कोर्ट में मुकदमा दर्ज करने और ठेकेदारों के लाइसेंस को तत्काल निरस्त किया जाए।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में सिडकुल के तहत स्थापित कंपनियों में शासन द्वारा घोषित न्यूनतम वेतनमान का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। पंतनगर सिडकुल में डॉल्फिन ग्रुप की पांच कंपनियों के हजारों मजदूर इसकी मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं, लेकिन शासन प्रशासन, श्रम विभाग को न्यूनतम वेतनमान के लिए उत्तराखंड शासन द्वारा जारी शासनादेश को लागू लागू नहीं करा पा रहा है।

इसके अलावा सिडकुल में ठेका और अस्थाई मजदूरों को नियमानुसार बोनस भी नहीं दिया जाता है। कंपनी के मालिकों की द्वारा संविदा श्रम अधिनियम 1970 और ठेकेदारों के लाइसेंस का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। स्थाई काम का स्थाई रोजगार और समान काम का समान वेतन भुगतान से संबंधित कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष गणेश मेहरा, शिवदेव सिंह, हरीश अधिकारी, कैलाश भट्ट, दलजीत सिंह, सुब्रत विश्वास, धीरज जोशी, ललित मटियाली समेत कई लोग मौजूद रहे।

गांधी पार्क में कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

मकान स्वामी, किरायेदार पर चोरी का शक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ट्रांजिट कैंप राजा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने मकान स्वामी और एक अन्य किरायेदार पर चोरी का शक जताया है। मूलरूप से प्रेमपुर नवाबगंज हाफिजगंज बरेली निवासी वह हाल निवासी ट्रांजिट कैंप राजा कॉलोनी वीरपाल पुत्र रामपाल ने बताया कि वह ट्रांजिट कैंप में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता है। शनिवार दोपहर वह परिवार के साथ किसी काम से कहीं गया हुआ था। इसी बीच चोरों ने उसके कमरे का ताला तोड़कर लाखों के सोने के जेवरात चुरा लिए। इस बात का पता तब चला जब वे शाम को घर पहुंचे। दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। कमरे में रखे सोने के जेवरात मंगलसूत्र, सोने का ओम बना लॉकेट, चांदी के पायल समेत अन्य जेवरात गायब थे। उसने मकान स्वामी और एक अन्य किराएदार पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जांच शुरू

- कमरे का ताला तोड़कर लाखों के सोने के जेवरात चुरा लिए
- पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू की

कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का दिया संदेश

काशीपुर : आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड मे पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। रविवार को 10 सदस्य समिति बनाने के लिए वार्ड प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पीसीसी सचिव अरुण चौहान के नेतृत्व में वार्ड नंबर 20 में एक बैठक आयोजित की। इस दौरान अरुण चौहान ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जवाब देने के लिए हमें अभी से तैयार रहना होगा। कहा कि यह समय पूरी तरह से मजबूत रहते हुए कांग्रेस पार्टी का व्यापक प्रचार कर मतदाताओं को निकाय चुनाव के प्रति जागरूक करने का है इस दौरान पार्षद नौशाद हुसैन, सोनू, दिलशाद हुसैन, विनोद कश्यप, ओम प्रकाश सैनी, भाग सिंह सैनी, कृष्ण कुमार, सोहेल समेत कई लोग मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरआरएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्च, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता	मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि	बकाया राशि	अचल सम्पतियों का विवरण
1	आवेदन नं. UP/HDW/STGJ/A000000118 **श्री देवेन्द्र कुमार एवं श्रीमती गीता देवी, दोनोंः** देवीपुरा मालधन चौर चन्द्र नगर रामनगर, रामनगर, सेमीअर्बन, रामनगर, उत्तराखंड, भारत - 244713	22-12-2023 / 11-06-2024 सांकेतिक	₹ 19,29,415/- दिनांक 17-10-2023 तक + ब्याज इत्यादि	**ग्राम-देवीपुरा, तहसील-रामनगर, जिला-नैनीताल, पी.एस. -रामनगर, खतौनी संख्या-76, खसरा नं. 29 गा, मिन, क्षेत्रफल 30 X 57 फिट/1710 वर्गफुट/158.92 वर्गमीटर, क्षेत्रफल 30 X 57 फिट/1710 वर्ग फिट/158.92 वर्ग मीटर, उप-रजिस्ट्रार + जिला - रामनगर, जिला नैनीताल,** चौहद्दीः उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - रास्ता 20 फीट/6.09 मी., पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति
2	आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000445 **श्री राजपाल सिंह और श्रीमती नितिका मौर्य, दोनोंः** वार्ड नंबर 7 आदर्श नगर सुल्तानपुर पट्टी बाजपुर, बाजपुर, सेमीअर्बन, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत - 262401	22-12-2023 / 11-06-2024 सांकेतिक	₹ 30,85,303/- दिनांक 17-10-2023 तक + ब्याज इत्यादि	**ग्राम-सुल्तानपुर, तहसील-बाजपुर, जिला-यू.एस. नगर, (उत्तराखंड), पी.एस. बाजपुर, खाता सं. 63, खसरा सं. 787 मिन, क्षेत्रफल 2002.50 वर्गफिट/186.10 वर्गमीटर, क्षेत्रफल 2002.50 वर्ग फिट/186.10 वर्ग मी., उप-रजिस्ट्रार + जिला - बाजपुर, जिला यू.एस. नगर,** चौहद्दीः उत्तर में - 12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में - महेश कुमार की संपत्ति, पूरब में - रास्ता, पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति
3	आवेदन नं. UP/HDW/HDWN/A000000349 **श्री कृष्णा नंद कुनियाल, श्री प्रदीप कुनियाल और श्रीमती लीला देवी, सभीः** मकान नं. 41 जयदेवपुर कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, हल्द्वानी, सेमीअर्बन, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत - 263139	22-12-2023 / 11-06-2024 सांकेतिक	₹ 76,79,756/- दिनांक 17-10-2023 तक + ब्याज इत्यादि	**ग्राम- जयदेवपुर, तहसील-हल्द्वानी, जिला नैनीताल, पी.एस. -हल्द्वानी, पी.एस. नं. एन.ए., खेत नं. 110 मिन, माप क्षेत्रफल 60 X 90 = 5400 वर्गफीट/501.85 वर्ग मी., प्लॉट/फ्लैट नं. एन/ए, उप-रजिस्ट्री + जिला-हल्द्वानी, जिला नैनीताल,** चौहद्दीः पूरब में - अन्य की संपत्ति, पश्चिम में - अन्य की संपत्ति, उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - रास्ता

दिनांक : 17-06-2024, स्थान : हल्द्वानी
प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

जाहरवीर गोगाजी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

जाहरवीर गोगाजी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान महिलाएं और समाजसेवी ठुकराल। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः रम्पुरा वार्ड 23 के श्री कटोरी मंदिर में जाहरवीर गोगाजी बाबा की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा को समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया।

रविवार को कलश शोभा यात्रा रम्पुरा के कई मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर संपन्न हुई। इस दौरान समाजसेवी ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज आगे बढ़ने की प्रेरणा देता हैं। साथ ही धार्मिक आयोजनों से मन में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। इस अवसर पर कांती कोली, पप्पू कोली, राजू गुप्ता, तुलाराम, मीलाल भगत, गोविंद कोली, देशराज कोली, तारा, जुगल किशोर, पूनम, कमलेश, पुरन पाल, राजू कोली, सुरेंद्र पाल, भगवान दास, सतीश श्रीवास्तव, केदार, रोली, मुस्कान, अनिल कोली, पंडित नरेश चंद्र शर्मा, राजेंद्र, सुरेश, कैलाश पाल, अंकित श्रीवास्तव, राकेश कोली समेत कई लोग मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

आज से शुरू होगी बिना हेलमेट वालों पर सख्ती

काशीपुर : सोमवार से परिवहन विभाग शहर में बाइक में बैठी दोनों सवारियों के बिना हेलमेट होने पर अभियान चलाएगा। इसमें दोनों सवारियों को हेलमेट अनिवार्य होगा। किसी एक के भी बिना हेलमेट पाए जाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। एआरटीओ विमल पांडेय ने बताया कि बीते कुछ समय में सड़क हादसों के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन ने बाइक पर बैठी दोनों सवारियों के बिना हेलमेट पाए जाने पर एक हजार रुपये का चालान काटने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं। इसके लिए परिवहन विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि सोमवार से बिना हेलमेट वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

खटीमा : चारुबेटा निवासी नन्हें खां (41) पुत्र मुख्तयार खां रविवार को घर से खाना खाने के बाद घर के पास से गुजरने वाली रेलवे लाइन की ओर गया था। उसी दौरान ट्रैक पर से गुजरी ट्रेन की साइड लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर पटरी के किनारे गिर गया। घर के लोग पटरी के किनारे से नन्हें को लेकर तत्काल नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का है और शादी नहीं हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

नदी में डूबने से युवक की मौत

खटीमा : पुलिस ने लोगों की सूचना पर झनकट में बहने वाली परवीन नदी से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त बानूसी निवासी शंकर आर्य (21) पुत्र प्रकाश आर्य के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शंकर आर्य शनिवार शाम को घर से घूमने निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

स्मैक के साथ दो पकड़े

नानकमत्ता : दो युवकों को पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाए जारहे अभियान में पुलिस ने गश्त के दौरान नगला निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र स्व. गोविन्द सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह की बाइक को रोककर तलाशी ली। दोनों के कब्जे से 24 .40 ग्राम स्मैक बरामद व प्रयुक्त बाइक को कब्जे में लेकर दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

बिजली चोरी करने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : यूपीसीएल की टीम ने सिंह कालोनी समेत कई स्थानों पर बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर बिजली चोरी करते पकड़ा। शनिवार को यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी प्रकाश चंद्र शाह के नेतृत्व में टीम ने सिंह कालोनी, आदर्श इंदिरा कॉलोनी और मछली मार्केट क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एलटी लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहे सिंह कालोनी निवासी महेश कुमार, रमेश कुमार, आदर्श इंदिरा कालोनी निवासी गिवेन कुमार और मछली बाजार रुद्रपुर निवासी अमर कुमार सोनकर के घर में चोरी की बिजली पकड़ी गयी। इसके बाद टीम ने कटिया और बिजली के तार अपने कब्जे में ले लिए। साथ ही मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

समिति की जांच में मामला पकड़ में आने के बाद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर, मुकदमा दर्ज

कालाबाजारी पर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई, जांच शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : राशन की कालाबाजारी के मामले में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की तहरीर पर रम्पुरा वार्ड नंबर 22 के सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला पूर्ति कार्यालय की ओर से गठित संयुक्त टीम की जांच में राशन की कालाबाजारी का यह मामला पकड़ में आया। वहीं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के तहरीर के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हेमा बिष्ट ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर 6 अप्रैल 2024 को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र सिंह के साथ उनकी संयुक्त टीम ने रम्पुरा वार्ड

नंबर 22 स्थित सतीश आर्या सस्ता गल्ला की दुकान की जांच के लिए पहुंची। दुकान बंद मिलने पर सस्ता गल्ला विक्रेता को घर से बुलाया गया और दुकान खुलवाकर अभिलेख मांगे गए। जिस पर उन्होंने बताया कि पूर्ति निरीक्षक रुद्रपुर ने उनकी दुकान का निरीक्षण किया और स्टाक पंजिका वह अपने साथ ले गई है। बाद में उन्होंने उससे दुकान के बिक्री रजिस्टर के संबंध में पूछताछ की, लेकिन वह मौके पर न तो बिक्री रजिस्टर उपलब्ध करा पाया और न ही कोई संतोष जनक जवाब दिया।

भौतिक सत्यापन करने पर दुकान पर चावल 16.620 किग्रा. और गेहूं 16.500 किग्रा. उपलब्ध पाया गया। टीम ने सस्ता गल्ला विक्रेता से मार्च व अप्रैल के खाद्यान्न के उठान व वितरण के संबंध में पूछताछ की तो बताया कि खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। अप्रैल 2024 के खाद्यान्न के उठान के संबंध में पूछा तो बताया कि खाद्यान्न का उठान राजकीय खाद्यान्न गोदाम से नहीं किया गया है। इस पर टीम ने इसकी पुष्टि के लिए वरिष्ठ विपणन अधिकारी राजकीय खाद्यान्न गोदाम हेमंत जोशी से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने बताया कि गोदाम से अप्रैल 2024 का खाद्यान्न 30 मार्च को उपलब्ध करा दिया गया था। जब जांच की गई तो पता चला कि सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्या खाद्यान्न वितरण मनमाने ढंग से कर रहा है और बायोमेट्रिक विधि से कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित करने की पारदर्शिता प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है।

मार्च माह का खाद्यान्न खुर्दबुर्द करने पर सस्ता गल्ला दुकान तत्काल प्रभाव से निलंबित

वरिष्ठ विपणन अधिकारी राजकीय खाद्यान्न गोदाम के उपलब्ध कराए गए दस्तावेज के आधार पर पुष्टि हुई कि सस्ता गल्ला विक्रेता ने राजकीय खाद्यान्न गोदाम, रुद्रपुर से योजनावार खाद्यान्न प्राप्त किया था। सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्या ने खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरती है। मार्च 2024 का खाद्यान्न विक्रेता ने खुर्दबुर्द कर दिया है। जिस पर सतीश आर्या की सस्ता गल्ला दुकान को तत्काल प्रभाव से जिला पूर्ति अधिकारी ऊधमसिंह नगर के आदेश पर निलंबित की गई। साथ ही गबन किए गए खाद्यान्न की वसूली के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कोई जवाब न मिलने पर दोबारा नोटिस भेजा गया, बावजूद कोई जवाब कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद जिलाधिकारी ने राशन विक्रेता द्वारा राशन की कालाबाजारी करने और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पूर्ति निरीक्षक अनिता तिवारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हेमा बिष्ट को अधिकृत करने के साथ ही सहमति दी। इसके बाद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्या पर राशन कालाबाजारी और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तहरीर सौंपी है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

रेटिंग टास्क से कमाई का लालच देकर ठगी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: टेलीग्राम के माध्यम से होटल एंड रेस्टोरेंट की रेटिंग टास्क से कमाई का झांसा देकर साबइर ठग ने 96 हजार रुपये ठग लिये। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कविनगर कालोनी निवासी संजय कुमार सिंह पुत्र बाग सिंह रावत ने साइबर क्राइम स्टेशन, कुमाऊं परिक्षेत्र रुद्रपुर को दी तहरीर में कहा है कि 21 मई 2024 को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को एक होटल एंड रेस्टोरेंट का रिव्यू अधिकारी बताते हुए फाइव स्टार रेटिंग देने पर 203 रुपये मिलने की बात कही। उसने सारी डिटेल पर्सनल टेलीग्राम लिंक पर उपलब्ध कराने को कहा गया। उसने व्हाट्सएप के माध्यम से टेलीग्राम का लिंक शेयर किया। इसके बाद उसके खाते में 203 रुपये क्रेडिट हो गए। फिर उसे 3 टास्क दिए गए। तीनों टास्क पूरा करने पर उसके खाते में फिर रुपये क्रेडिट हो गए। 20 टास्क पूरा कर स्क्रीनशॉट शेयर करने पर खाते में पैसे क्रेडिट हो गया और यह सिलसिला चलता रहा। इसके बाद रुपये डिपाजिट कर स्क्रीन शॉट शेयर कराए गए। ग्रुप में ज्वाइन कराकर उससे 96,500 रुपये की रकम डिपोजिट करा ली और रकम जमा कराने के लिए कहने पर उसे शक हुआ। रकम मांगने पर आरोपी ने उसकी कॉल उठाना बंद कर दिया। बाद में उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, छह बाइकों के साथ दो धरे

चोरी की बाइकों के पार्ट्स निकालकर बेच देते थे, दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हैं सक्रिय, गैंग के अन्य गुर्गों की जुटाई जा रही जानकारी

शिकंजा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइकें बरामद की हैं। चोर चोरी की बाइकों के पार्ट्स निकालकर बेचने का कार्य करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

आईटीआई कार्यालय में सीओ अनुषा बड़ोला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 14 जून सोराज सिंह पुत्र स्व. गणेश सिंह निवासी बलमगढ़, ठाकुरद्वारा की बाइक को महुआखेड़ागंज से किसी अज्ञात ने चोरी कर लिया था। वहीं 15 जून को रोहित पुत्र पुत्तल निवासी अहरपुरा आईटीआई की बाइक भारत गैस एजेन्सी, महुआखेड़ा गंज के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज लिया था। मामले के खुलासे में लगी पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान अनोज उर्फ अनुज शर्मा पुत्र हरिओम व अंकित पुत्र रमेश निवासी ग्राम देवीपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छह बाइक बरामद की हैं। सीओ बडोला ने बताया कि उक्त दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में सक्रिय हैं। इनके द्वारा बॉर्डर में लगने वाले थाना चौकी क्षेत्रों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। पुलिस दोनों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

चेन लूट का खुलासा करते एसपी सिटी व साथ में गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

मास्टर चाबी से खोलता था अनुज बाइक के ताले

काशीपुर : पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह लोग मिल कर महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, आईटीआई व उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपी अनुज शर्मा के कब्जे से एक मास्टर चाबी बरामद हुयी। जिसकी सहायता से वह किसी भी वाहन को चोरी कर लेते थे। आरोपियों द्वारा यह भी बताया गया कि आरोपी अंकित मोटरसाइकिल मैकेनिक भी है, जो चोरी के वाहनों में से पार्ट्स निकालकर अन्य वाहनों में लगाकर अच्छा धन अर्जित करता था।

महिला अधिवक्ता से चेन लूटने के आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर : महिला अधिवक्ता की चेन लूटने के आरोपी दो झपट्टामारों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एसपी अभय सिंह व सीओ अनुषा बड़ोला ने बताया कि जसपुर खुर्द निवासी महिला अधिवक्ता रुहम पुत्री दिलशाद हुसैन ने दी तहरीर में बताया था कि 11 जून की शाम करीब 6 बजे वह चन्द्रा पेट्रोल पंप के पास स्थित जिमसे अपने घर जा रही थी। तभी चीमा चौराहे पर कुण्डेश्वरी रोड की तरफ से आ रहे दो अज्ञात बाइक सवार चेन व लोकट पर झपट्टा मारकर फ्लाई ओवर की तरफ भाग गये थे। पुलिस ने उक्त मामले में कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना पर नये ढेला पुल के पास से ठंडा नाला, गूलरभोज निवासी हैदर अली पुत्र यूसुफ व यहीं के लइक पुत्र तौफीक को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने छिने गई चेन व घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक को बरामद किया। आरोपियों ने बताया कि त्योहारी सीजन में अपने खर्चों को पूरा करने के लिए इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

तीन दिन पूर्व जेल से छूटा, बाइक चुराने में फिर धरा गया

काशीपुर : साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक भी बरामद की है। ग्राम धीमरखेड़ा निवासी श्यो सिंह पुत्र फूल सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 13 जून की शाम करीब 5 बजे वह टांडा उज्जैन स्थित साप्ताहिक बाजार अपनी बाइक से गया था। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दढ़ियाल रोड से कुमायूं कालोनी कचनालगाजी निवासी तालिम अली रजा पुत्र मोहम्मद रहीस को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक भी बरामद की। आरोपी इससे पूर्व भी जेल जा चुका है और तीन दिन पूर्व ही जमानत पर जेल से रिहा होकर लौटा था।

ट्रैक्टर चुराने में तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर: ससुराल गए व्यक्ति के पीछे घर के पास खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना कुंडा में मामले का खुलासा कर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि ग्राम गढ़ीनेगी निवासी धर्मवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर थी। बताया कि 11 जून को ट्रैक्टर को उसने घर में खड़ा किया और वह परिवार सहित ससुराल गदरपुर चला गया था।

शुक्रवार को जब वह वापस आया तो, उसका ट्रैक्टर वहां नहीं था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस दौरान पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें बाइक सवार दो संदिग्ध दिखाई दिये। जिन्हे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो उन्होंने ट्रैक्टर चोरी की बात कबूली। गिरफ्तार आरोपियों में जगपाल सिंह उर्फ कलुआ पुत्र पान सिंह निवासी गढ़ी नेगी, देवेन्द्र सिंह पुत्र चेतराम और अनुज कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम सुवावाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर, यूपी शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुए ट्रैक्टर को पतरामपुर के जंगल से बरामद किया।

पुत्री के अंतिम संस्कार में श्मशान पहुंचे पिता और भाइयों को पीटा

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : तीन माह की गर्भवती की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार में पहुंचे पिता और भाइयों से दामाद व उसके साथियों ने श्मशान में ही मारपीट कर दी। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इस घटना का वीडियो वायरल होने पर लोगों में आक्रोश है। बताया जा रहा है कि थाने पहुंचे भाजपा नेता ने सुलह करवा दी।

युवती के भाई चंद्रशेखर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन नीतू (33 वर्ष) पुत्री रघुनाथ का विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व नगला बाईपास निवासी रवि कुशवाहा से हुआ था। उसके परिजनों ने विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार दान

शर्मनाक

▸▸ **पंतनगर में हुई शर्मनाक घटना का वीडियो वायरल, भाजपा नेता के दबाव में पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**

दहेज भी दिया, लेकिन फिर भी रवि और उसके माता-पिता उसकी बहन से दहेज लाने के लिए मारपीट करते थे। रवि का किसी अन्य महिला से भी अवैध संबंध हैं, जिसके चलते वह आए दिन उसकी बहन से मारपीट करता था। छह जून को उसकी तीन माह की गर्भवती बहन मायके टा कालोनी पंतनगर आई थी। शुक्रवार तड़के अचानक उसकी बहन की तबीयत खराब हो गई, तो पिताजी और पड़ोसी उसे विवि अस्पताल ले गए। जहां हालत में कुछ सुधार होने पर वापस ले आए, लेकिन डेढ़ घंटे बाद पुनः तबीयत बिगड़ने पर उसे पुनः विवि अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से गंभीर हालत के चलते उसे पहले जिला अस्पताल रुद्रपुर फिर एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। इसी बीच रवि का फोन आया कि पहले उसे घर ले आओ फिर एसटीएच लेकर चलेंगे, एक घंटे के बाद पहुंचा रवि उसकी बहन को लेकर अपने घर चला गया। निजी डॉक्टरों व अस्पतालों में दिखाने के बाद एसटीएच हल्द्वानी पहुंचा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शनिवार सुबह जब वह बहन के अंतिम संस्कार में श्मशान पहुंचा तो रवि, उसके भाई विजय और उसके पड़ोसी धनोज यादव व बिकेस यादव ने उससे, बुजुर्ग पिता और चचेरे भाई से गाली-गलौच कर मारपीट की।

डंपर की टक्कर से कार डिवाइडर से टकराई

रुद्रपुर : काशीपुर रोड स्थित फ्लाई ओवर पर तेज गति से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार डिवाइडर से टकराकर फ्लाईओवर के दूसरी ओर जाकर क्षतिग्रस्त हो गयी है। ग्राम महेशपुरा निवासी अंकुश शर्मा ने बताया कि 14 जून की शाम वह रुद्रपुर से कार से घर को जा रहा था। इस बीच काशीपुर रोड स्थित फ्लाईओवर पर पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने ओवरटेक के प्रयास में उसकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित हो गयी। किसी तरह कार को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन डंपर ने दोबारा कार पर टक्कर मार दी। इसके बाद उनकी कार डिवाइडर से टकराकर फ्लाईओवर के दूसरी ओर चली गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंपर को तेजी से गदरपुर की ओर फरार हो गया। इस बीच वहां से गुजर रहे आकाश कुमार, अरुण बठला, संजय तिवारी, विशाल कक्कड़ ने बाइक से डंपर चालक को पीछा कर जाफरपुर के पास पकड़ लिया गया।

खड़े मजदूरों पर दबंगों का हमला

दुस्साहस

▸▸ **पीड़ित मजदूरों ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : किच्छा रोड स्थित तीनपानी के पास लेबर अड्डे में खड़े मजदूरों ने दबंगों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़ित मजदूरों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को रम्पुरा चौकी पुलिस को सौंपी तहरीर में खेड़ा निवासी हीरा देवी, अमन राम और सोनपाल ने कहा कि वह मजदूरी का परिवार का भरण पोषण करते हैं। इसी सिलसिले में वे सुबह तीनपानी के पास लेबर अड्डे पर काम की तलाश पर खड़े थे। इसी बीच तीन-चार युवक आए और बिना किसी कारण के ही उनसे गाली गलौज करने लगे। पीड़ितों ने कहा कि जब इसका विरोध किया तो दबंगों ने महिला और पुरुष मजदूरों की पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे वह चोटिल हो गए। मजदूरों का आरोप है कि इस दौरान दबंगों ने उनसे दोबारा लेबर अड्डे पर दिखाई नहीं देने और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ितों ने पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दबंगों की तलाश शुरू कर दी है।

आइसक्रीम लेकर घर लौट रहे किशोर पर हमला

बाजपुर : आइसक्रीम लेकर घर लौट रहे किशोर पर कुछ लोगों की ओर से हमला करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी उमेश सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार की देर रात करीब 10 बजे उसका 17 वर्षीय बेटा अरुण सिंह चौराहे के पास दुकान से आइसक्रीम लेकर घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच बरहैनी रोड पर घर को जाने वाली गली के सामने पहले से लाठी-डंडे लेकर घात लगाए बैठे पांच लोगों ने घेरकर रोक लिया और गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पहुंचे भाई राजपाल व सोनू आदि ने बमुश्किल इन लोगों के चुंगल से अरुण को बचाया। इतना ही नहीं हमलावरों ने राजपाल व सोनू के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अच्छी खबर प्रतिदिन चार से पांच दिव्यांग करा रहे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पंजीकरण

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में दिव्यांग आगे

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए दिव्यांग अधिक रुचि दिखा रहे हैं। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक संख्या में दिव्यांगों ने लाइसेंस के लिए पंजीकरण कराया है। छह माह में अब तक तीन सौ से अधिक दिव्यांग लाइसेंस के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। वहीं इनमें 50 से अधिक दिव्यांगों को लाइसेंस भी मिल चुका है।

आपको बता दें कि परिवहन विभाग सामान्य लोगों के साथ दिव्यांगों के लिए भी स्पेशल लाइसेंस जारी करता है। वहीं काशीपुर शहर में प्रतिदिन चार से पांच दिव्यांग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एआरटीओ कार्यालय पहुंच रहे हैं। जबकि प्रतिदिन एक से दो दिव्यांग एआरटीओ कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त कर रहे हैं। वहीं एआरटीओ कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इस साल से दिव्यांग लाइसेंस के लिए 20 फीसदी अधिक पंजीकरण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों को अलग प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंस उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ऐसे करें दिव्यांग लाइसेंस के लिए पंजीकरण

काशीपुर : एआरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, लाइसेंस पंजीकरण कराने से पूर्व दिव्यांगों को संबंधित एआरटीओ को अपनी दिव्यांग स्थित की जानकारी देनी होगी। इसके बाद सीएमओ से आंशिक रूप से दिव्यांग होने पर सामान्य प्रक्रिया जबकि पूर्ण रूप से दिव्यांग होने पर फार्म ए में प्राप्त करना होगा। जिसके बाद दिव्यांग व्यक्ति लाइसेंस के लिए पंजीकरण करा सकता है।

अडेप्टेड व्हीकल से लिया जाता है दिव्यांगों का टेस्ट

काशीपुर : एआरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, लर्निंग लाइसेंस बनने के छह माह के भीतर ही दिव्यांगों को पक्का लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए अडेप्टेड व्हकील में पंजीकृत वाहनों से ही दिव्यांगों का टेस्ट लिया जाता है। टेस्ट में पास होने के बाद दिव्यांगों का लाइसेंस दिए जाते हैं।

विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष दिव्यांग लाइसेंस के लिए अधिक पंजीकरण करा रहे हैं। दिव्यांग अधिक पंजीकरण कराए किसके लिए दिव्यांगों की हर संभव मदद की जा रही है।
– **विमल पांडेय**, एआरटीओ, काशीपुर

विगत वर्ष की तुलना में अधिक लाइसेंस बना रहे दिव्यांग

जानकारी के अनुसार विगत वर्ष जनवरी माह से लेकर 15 जून तक 213 दिव्यांगों ने लाइसेंस के लिए पंजीकरण कराया था। जबकि इस वर्ष जनवरी से लेकर 15 जून तक तीन सौ से अधिक दिव्यांगों ने लाइसेंस के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

किशोरी को युवक संग कमरे में किया बंद

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में महिला की ओर से बहाने से नाबालिग लड़की को घर बुलाकर गलत नीयत से युवक के साथ कमरे में बंद करने का मामला प्रकाश में आया है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में एक गांव की पीड़ित महिला ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर पड़ोस निवासी महिला ने अपने बच्चे को भेजकर उसकी 13 वर्षीय पुत्री को अपने घर बुलाया। आरोप है कि नाबालिग के घर पहुंचने के बाद आरोपी महिला ने पड़ोसी निवासी युवक को घर बुलवाकर बदनियति से नाबालिग पुत्री के साथ दोनों को कमरे में बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। दोनों को कमरे में छोड़कर महिला ट्यूबवेल पर नहाने चली गई। पीड़िता के अनुसार इस दौरान घर पहुंचे उसके पति ने पुत्री के बारे में पूछा तो पीड़िता ने महिला के घर भेजने की बात कही। पुत्री के बारे में जानकारी मिलने के बाद नाबालिग का पिता मौके पर पहुंच गया। इस दौरान महिला घर पर मौजूद नहीं थी। खिड़की से युवक के साथ अपनी नाबालिग पुत्री को कमरे में बंद देख पिता के होश उड़ गए। इसी दौरान आरोपी महिला भी ट्यूबवेल से वापस आ गई तथा पीड़ित पिता ने महिला से चाबी लेकर ताला खोलने हुए पुत्री को कमरे से बाहर निकाला। पुलिस ने आरोपी महिला तथा युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शर्मनाक

▸▸ **दोनों को बंद कर आरोपी महिला चली गई ट्यूबवेल पर नहाने**

▸▸ **पुत्री को खोजते हुए नाबालिग का पिता पहुंचा मौके पर**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

आश्वासन पर समाप्त किया आंदोलन

जसपुर : नगर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह ने जनहित की मांगों को लेकर शुरू किया गया आंदोलन नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी व पुलिस प्रशासन के आश्वाशन पर फिलहाल समाप्त जरूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने अपने वादे के अनुसार उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वह अपना आंदोलन दोबारा शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

खनन की सूचना पर पहुंची टीम

नानकमत्ता : उपजाऊ जमीन की मिट्टी के अवैध खनन पर राजस्व विभाग की कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप है। क्षेत्र के सुनखड़ी गांव में कोदा खेड़ा रोड के पास रात को अवैध रूप से खेतों की मिट्टी को जेसीबी लगाकर ट्रैक्टर ट्रॉली से माफिया की ओर से बेखौफ होकर किए जा रहे खनन की भनक लगते ही राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच कर खनन की नापतौल सुरू की। नानकमत्ता उप तहसील के तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बताया मिट्टी के अवैध खनन करने वाले माफिया को किसी हालत में बक्सा नहीं जायेगा।

जिले के किसानों की समस्याओं को हरिद्वार में उठाया

भारतीय किसान यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का किसान महाकुंभ शुरू, जिले के किसान भी कर रहे शिरकत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : हरिद्वार में शुरू हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय किसान महाकुंभ में किसान नताओं ने पहले दिन ही जनपद ऊधम सिंह नगर के किसानों की समस्याओं को बुलंद किया गया।

भारतीय किसान यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का किसान महाकुंभ रविवार को शुरू हो गया है, जो 18 जून तक चलेगा। इस इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर के कार्यकर्ताओं व किसानों का एक जत्थे को लंगर की भोजन सामग्री के साथ भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने रवाना किया।

यह जत्था 15 जून को रत्रि करीब 10:00 बजे जसपुर गुरुद्वारे से रवाना हुआ, जिसने 16 जून को हरिद्वार पहुंचकर कार्यक्रम शुरू होने से पहले लंगर हेतु भोजन व्यवस्था की। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का दूसरा जत्था 16 जून को सुबह रवाना हुआ, जिसने समय से पहुंचकर किसान महाकुंभ क पहले दिन के कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कार्यक्रम को संबोधित कर जनपद के किसानों की समस्याओं को प्रस्तुत किया।

उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से एमएस स्वामी नाथन की रिपोर्ट पूरी तरह से लागू किए जाने, किसानों को प्रदूषण कानून से मुक्त रखे जाने, किसानों के 15 वर्ष पुराने ट्रैक्टरों को चलाए जाने पर लगाई गई पाबंदी को तुरंत हटाये जाने, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर थोपे गए मुकदमों को तुरंत वापस लिये जाने, बाजपुर के 20 गांवों की 5838 एकड़ जमीन को बेचने व उस पर लोन लेने पर सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को शीघ्र हटाए जाने, जसपुर के गांव पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर अवैध रूप से उजाड़े गए लोगों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था किये जाने, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के किसानों के ट्यूबवेलों की बिजली फ्री किए जाने व सभी उपभोक्ताओं घरेलू मीटरों की 300 यूनिट तक बिजली फ्री किए जाने, वर्ग 4 व वर्ग एक- ख की जमीनों पर काबिज किसानों को शीघ्र मालिकाना हक दिए जाने, 60 साल से ऊपर की उम्र वाले मैदानी इलाकों में रहने वाले किसानों को 5 हजार रुपए प्रति माह व पर्वतीय किसनों को 10 हजार रुपए प्रतिमा पेंशन दिए जाने, जसपुर की नादेही चीनी मिल का नवीनीकरण किए जाने व स्थाई गम की नियुक्ति किए जाने तथा फसलों की सिंचाई की समस्या को दूर करने के लिए कालागढ़ डैम से एक नहर निकालकर उसे भोगपुर डैम, पीली डाम व तुमरिया डैम जोड़े जाने की मांग की।

जनपद ऊधम सिंह नगर के भाकियू कार्यकर्ताओं के इन जत्थों में जसपुर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष जागीर सिंह, दर्शन देओल, शीतल सिंह, चौधरी किशन सिंह, दीदार सिंह जसवीर सिंह, दिलबाग सिंह, सोनूसिंह, सुखवीर सिंह, सूरज सिंह, ओम प्रकाश सिंह, तुषार, सनी, मोहित, विनय कुमार व रोहित आदि शामिल रहे।

हरिद्वार में आयोजित किसान महाकुंभ के लिए जसपुर से रवाना होता किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का जत्था। ● अमृत विचार

महाकुंभ में लंगर की व्यवस्था करते जसपुर के किसान। ● अमृत विचार

पंतनगर को नगर पालिका में मिलाए जाने पर रार

शांतिपुरी : रविवार को यूकेडी जिलाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडेय की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की ग्राम जवाहर नगर में बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा यदि सरकार पंतनगर विवि को अतिशीघ्र नगला नगर पालिका से अलग करने का आदेश नहीं निकालती है, तो फिर शिक्षण और शोध बंद कर छात्रों को भी राजनीति में उतार दिया जाए।

विवि में सिर्फ राजनीति शास्त्र ही पढ़ाया जाए। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता विशन सिंह मेहरा ने कहा कि सरकार को किसी भी दशा में पंतनगर विवि को नगर पालिका में नहीं शामिल करना चाहिए। कहा कि नगला को नगर पालिका बनाए रखने का हमारा कोई विरोध नहीं है, परंतु विवि को नगरपालिका में मिलाएं जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यहां पर सरकारी कर्मचारी रहते हैं। विवि को नगर पालिका से हटाए जाने के लिए विवि के शिक्षक संगठन पूटा ने भी राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। यहां केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला, जीवन सिंह नेगी, भानू प्रताप सिंह व हर्षवर्धन तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

मनदीप कौर संधू ने किया पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : होनहार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर संधू ने अगस्त माह में पेरिस में प्रस्तावित पैरालंपिक-2024 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मनदीप के भाई आर्म रेसलिंग में विश्व चैंपियन दलजीत सिंह गोराया ने बताया कि मनदीप ने इस चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है, जोकि एनएल-3 कैटेगिरी में खेलेगी।

इससे पहले इस होनहार खिलाड़ी ने एशियन गेम्स 2022 चाइना में दो कांस्य पदक जीते थे और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। मनदीप ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मामा अंतरराष्ट्रीय कोच अर्जुन सिंह गोराया, भाई दलजीत सिंह गोराया और आल इंडिया पैरा बैडमिंटन कोच गौरव खन्ना को दिया है। इन तीनों के मार्गदर्शन में वह इस मुकाम पर पहुंची है। मनदीप को तमाम गणमान्य लोगों, शुभचिंतकों व खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

संधू को आशीर्वाद देते अंतरराष्ट्रीय कोच अर्जुन सिंह गोराया, भाई दलजीत सिंह गोराया।

बाल संस्कार शिविर में बच्चों को दी सफाई की जानकारी

काशीपुर। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर में बच्चों को हाइजीन और सफाई की जानकारी दी। साथ ही परिवार और संस्कार के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों का एनीमिया और महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

शिविर में 73 बच्चों ने प्रतिभाग किया। यहां शाखा अध्यक्ष विनय जैन, महिला संयोजिका दीपाली अग्रवाल, शाखा सचिव मोहित अग्रवाल कोषाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, सदस्य शोभित अग्रवाल, विभु गोयल, आदेश गुप्ता, प्रिंस अग्रवाल, राम अग्रवाल ने सहयोग किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क सचिन पैगिया समेत महिला सदस्य कनिका बंसल, ममता अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, रुचिका अग्रवाल, डॉक्टर नम्रता अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

कृषि विवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 7809 छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

▸▸ पंतनगर केंद्र पर एमसीए में 96 प्रवेशार्थी हुए शामिल

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 2024-25 के लिए स्नातक स्तरीय (यूजी) पाठ्यक्रमों और एमसीए की प्रवेश परीक्षा कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चैहान के नेतृत्व में रविवार को सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

यूजी की प्रवेश परीक्षा अल्मोड़ा, हल्द्वानी, काठगोदाम, पिथौरागढ़, ऋषिकेश, श्रीनगर (पौड़ी-गढ़वाल), देहरादून व पंतनगर परीक्षा केंद्रों जबकि एमसीए की प्रवेश परीक्षा एकमात्र पंतनगर केंद्र पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि अल्मोड़ा के केंद्रों पर 384 में से 57 परीक्षार्थी, देहरादून के केंद्रों पर 2070 में से 481 परीक्षार्थी; काठगोदाम के केंद्र पर 500 में से 75 परीक्षार्थी; हल्द्वानी के केंद्रों पर 1220 में से 222 परीक्षार्थी; पिथौरागढ़ के केंद्रों पर 634 में से 89 परीक्षार्थी; ऋषिकेश केंद्र पर 601 में से 167 परीक्षार्थी और श्रीनगर (पौड़ी-गढ़वाल) केंद्र पर 352 में से 66 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि पंतनगर विवि के परीक्षा केंद्रों पर 3890 परीक्षार्थियों में से 685 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस प्रकार आवेदित कुल 9651 परीक्षार्थियों में से 7809 ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। इसी प्रकार एमसीए के लिए पंतनगर परीक्षा केंद्र पर 117 में से 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 96 परीक्षार्थियों ने एमसीए की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। परिसर में भीड़-भाड़ को देखते हुए परीक्षार्थियों के अभिभावकों के लिए गांधी हाल में बैठने और पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी। विवि की ओर से आठ जून को मास्टर्स पाठ्यक्रमों के विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा भी सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है।

पंतनगर केंद्र पर स्नातक स्तरीय प्रवेश परीक्षा देते छात्र। ● अमृत विचार

गंगा दशहरा पर्व पर लगाया छबील

छबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाते जय मां भारती के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : तेज गर्मी और धूप से राहत देने के उद्देश्य से जय मां भारती के द्वारा गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर छबील लगाया गया।

जहां राहगीरों को मीठा जल पिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्राह्मण सभा समिति अध्यक्ष पंडित सुभाष शर्मा रहे। इस मौके पर जय मां भारती सचिव जसोदा शर्मा ने बताया कि हमारे द्वारा गंगा दशहरे पर मीठा जल पीला कर, मां ज्वाला देवी से प्रार्थना की गई कि जल्दी मानसून आए और गर्मी के प्रकोप से राहत हो और वर्षा अति शीघ्र हो। कार्यक्रम में आरके त्रिपाठी, रजनी ठाकुर, हिरदेश माताजी, हरदीप शर्मा, मिथिलेश त्रिपाठी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, सत्यम त्रिपाठी, अजय पाल, पंकज कुमार एडवोकेट, पंकज शर्मा, सतीश चौहान एडवोकेट, वीरेंद्र चौहान, पंडित सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज डोगरियाल, डॉ. रितेश शर्मा, प्रदीप यादव, भगवती प्रसाद यादव, किरण कुमार शर्मा, विवेक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

छबील लगाकर परीक्षार्थियों को शरबत पिलाया

पंतनगर : रविवार को जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसको देखते हुए व्यापारी संजय शुक्ला (शुक्ला किराना स्टोर) और ठेकेदार अतुल वर्मा ने विवि के प्रवेश द्वार पर नगला गेट में छबील लगाकर शरबत पिलाया। दोपहर एक बजे परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने तपती दोपहरी में शरबत का खूब लुत्फ उठाया और आयोजकों की सराहना की।

परीक्षार्थियों को शरबत पिलाते संजय और अतुल। ● अमृत विचार

विला के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी

रुद्रपुर : खमरिया बाजपुर निवासी एक व्यक्ति ने विला खरीदने के नाम पर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में खमरिया बाजपुर निवासी गुरसिमरन सिंह ने बताया कि वर्ष 2013-2014 में ग्राम कोलड़ा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर में एक हेरिटेज होम कॉलोनी बन रही थी। परिवार के लोगों ने सात विलाओं की बुकिंग करायी। फर्म के एक डायरेक्टर 5-5 लाख के तीन चेक सौंपे, जबकि दूसरे डायरेक्टर 5-5 लाख रुपये के तीन चेक सौंपे। एक अन्य पार्टनर 5-5 लाख के दो चेक और 10 लाख रुपये नकद दिये। उसने सभी विलाओं की के 50 लाख रुपये दे दिए। सभी पार्टनरों ने एक साल के अंदर विला रेडी कर देने का वादा किया था। आरोप है कि अब सभी पार्टनर विला पर कब्जा नहीं दे रहे।

शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर सुख-समृद्धि की कामना

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : मोहल्ला मझरा-प्रभु में शिव मंदिर का 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हवन-यज्ञ करवाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेक कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। दोपहर में हुए विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविवार की सुबह आठ बजे से मंदिर में पूजा-पाठ की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जोकि दोपहर 12 बजे तक निरंतर जारी रही। मुख्य यजमान अनिल कौशिक ने सपत्नी सरोज कौशिक के साथ मिलकर हवन-यज्ञ की प्रक्रिया को संपन्न करवाया जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहूतियां अर्पित की गईं। इसके पश्चात दोपहर में हुए भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को शीतल व मीठे जल का सेवन भी करवाया गया। इस मौके पर इंटर कालेज बाजपुर के प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पं.जितेंद्र शर्मा सोनू, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, सभासद मुकुंद शुक्ला, शिक्षक हरपाल सिंह, ओपी अग्रवाल, रामगोपाल यादव, महेंद्र मित्तल, जयप्रकाश यादव, संजीव गुप्ता, विवेक पांडेय, रेशम यादव, संजय रूहेला, तनवीर खां, भाजपा नेता विमल शर्मा, रमा शर्मा, पूनम कौशिक, लौकिक कौशिक, साक्षी कौशिक, सुयश कौशिक, पारस शर्मा, आराध्या कौशिक, अभिराज कौशिक आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में मंदिर के 22वें स्थापना दिवस पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु।

परेशानी गांव संन्यासियों वाला के नलकूप की मोटर 15 दिन में 2 बार फुंकी, नलकूप ठप होने से सिंचाई के अभाव में फसल सूख रही

सरकारी नलकूप की मोटर फुंकने से सूखने लगी फसल, चिंता बढ़ी

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव संन्यासियों वाला के सरकारी नलकूप की मोटर 15 दिन में 2 बार फुंक चुकी है, जिससे नलकूप ठप पड़ा हुआ है। सिंचाई के अभाव में फसल सूख रही है, जिससे किसान अत्यधिक चिंतित हैं।

एक ओर जहां लंबे समय से वर्षा न होने के कारण भूमि का जल स्तर गिर जाने से आजकल भीषण गर्मी में नलकूप पानी कम उठा रहे, वहीं गर्मी के कारण नलकूपों की मोटरों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया है। जिसके कारण गन्ना, चारे की फसलों व धान की नर्सरी की सिंचाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। ऊपर से भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे फसलें सूख रही हैं, वहीं करीब 15 दिन पूर्व गांव संन्यासियों वाला के नलकूप की मोटर फुंक गई थी। सिंचाई का कार्य ठप हो गया। किसानों की नलकूप विभाग के अधिकारियों से फुंकी हुई मोटर को ठीक कराकर लगवाने की मांग की। इस पर उन्होंने फुंकी हुई मोटर की मरम्मत कराकर नल में लगाया, लेकिन जैसे ही मोटर लगाई गई तो वह कुछ देर चलने के बाद जवाब दे गई।

उसके बाद नलकूप विभाग अधिकारियों ने फुंकी हुई मोटर को पुनः ठीक कराया और नलकूप में लगवाया। मोटर कुछ देर चलने के बाद फिर जवाब दे गई। कुल मिलाकर मोटर बार-बार फुंकने और उसके ठीक न हो पाने के कारण यह नलकूप करीब 15 दिन से ठप पड़ा, जिससे संबंधित क्षेत्र की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है और उसकी गन्ने, चारे की फसलें व धान की नर्सरी सूख रही हैं, जबकि इस नलकूप से संबंधित क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित होती है। किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही पुरानी मोटर के स्थान पर नई मोटर लगाई जाए, ताकि सिंचाई का कार्य जल्दी से जल्दी शुरू हो सके और फैसले सूखने से बच सकें। किसानों ने बताया कि इस बीच सिंचाई न होने के कारण फसल सूखने से उनका काफी नुकसान हो गया है। जिस पर गहरी चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि यही स्थिति रही तो धान फसल की रोपाई भी नहीं कर पायेंगे।

नलकूप बंद होने व सिंचाई न होने के कारण सूखती गन्ने की फसल। ● अमृत विचार


बंद पड़ा गांव संन्यासियों का नलकूप।

आंदोलन की चेतावनी

जसपुर : गांव संन्यासियों वाला के किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनके नलकूप की पुरानी मोटर के स्थान पर शीघ्र ही दूसरी (नई) मोटर न लगाई गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेंगे। वहीं नलकूप विभाग के संबंधित जेई रोहताश कुमार ने कहा कि नलकूप की फुंकी हुई मोटर ठीक कराने के बावजूद सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है। अब इस मोटर के स्थान पर शीघ्र ही दूसरी मोटर लगाई जाएगी, ताकि सिंचाई कार्य सुचारू हो सके और किसानों को राहत मिल सके।

खटीमा में आयोजित कवि गोष्ठी में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

कवि गोष्ठी में बाल साहित्यकार 'राज' को किया याद

खटीमा : उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय बाल साहित्यकार डॉ. राज किशोर सक्सेना 'राज' की स्मृति में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 'राज' के साथ बिताए पल और उनकी रचनाओं को प्रस्तुत किया गया। राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सोबन सिंह जीना सभागार में उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्थान द्वारा राष्ट्रीय बाल साहित्यकार डॉ. राज किशोर सक्सेना 'राज' की स्मृति में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब, पूर्वांचल सेवा समिति, मॉडर्न यूटोपियन सोसायटी, संस्कार भारती, अग्रवाल महासभा, कायस्थ महासभा सहित कई संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। कविवारों ने 'राज' के साथ बिताए गए संस्मरण को प्रस्तुत कर उन्हें नमन किया। संस्थान के महा डॉ. आरसी रस्तोगी ने कहा कि 'राज' खटीमा में साहित्य की धारा बहाने वाले प्रथम रचनाकार थे और बाल साहित्य में उनकी यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। संस्थान सचिव हरीश शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। संचालन महेंद्र प्रताप पांडे ने किया। इस अवसर पर गीता राम बंसल, डॉ नीलम पांडे, कैलाश चंद्र पांडे, आकाश प्रभाकर, नजीर अहमद, डॉ प्रशांत जोशी, त्रिलोचन जोशी, रामचंद्र, डॉ रूपचंद्र शास्त्री, डॉ इलियास अहमद सिद्दीकी, रविंद्र पांडे, अमन अग्रवाल मारवाड़ी, अमित सक्सेना, श्यामवीर सिंह, नरेश चंद्र तिवारी, पूरन बिष्ट, सुनील रैदानी, हरीश शर्मा आदि थे।

एक नजर

विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की

खटीमा : राजीवनगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी विवाहित पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। झनकइया थाने में सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी 23 वर्षीय विवाहित पुत्री 23 अप्रैल को ससुराल से राजीवनगर मायके आ गई थी। यह भी कहा है कि 13 जून को दोपहर में वह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसकी सभी नाते रिश्तेदारी में ढूंढखोज कर ली है लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला है। पीड़ित ने पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कर उसका पता लगाने की गुहार की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि वह अपने साथ सोने चांदी के जेवर भी साथ ले गई है। यह भी बताया कि उसके ससुराल वाले बकरीद के बाद उसे लेने आने वाले थे।

मारपीट में दो महिलाओं समेत तीन घायल

बाजपुर : मारपीट की तीन घटनाओं में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए गए। ग्राम तोता बेरिया में दो पक्षों के बीच पारिवारिक विवाद हो गया बताया जाता है कि बीच-बचाव के दौरान दीवार में सिर लगने से हरदीप कौर पत्नी सरजीत सिंह घायल हो गई जिसे उपचार के लिए आनन-फानन में ही सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बेरिया दौलत चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि आपसी पारिवारिक विवाद हुआ था, लेकिन किसी की भी तरफ से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं मारपीट की दूसरी घटना में शुगर फैक्ट्री निवासी सन्नी ठाकुर घायल हो गया जिसे शनिवार की देर रात सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार रविवार को हुई मारपीट की तीसरी घटना में ग्राम दियोहरी निवासी किरन सागर पत्नी रिंकू सागर के चोटें आई हैं। इसे भी उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

बाजपुर : बिजली की आंख मिचौली तथा लो वोल्टेज ने ग्रामीण क्षेत्र में लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। इतना ही नहीं कुछ उपभोक्ताओं के बिजली से संचालित उपकरण भी फुंक चुके हैं। वहीं इससे प्रभावित अधिकांश लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का प्रकोप दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। वहीं भीषण गर्मी के बीच लो वोल्टेज तथा बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। शनिवार की नगर व ग्रामीण में बार-बार बिजली गुल होती रही। साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से रातभर लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे।

झोपड़ी में आग से सामान जलकर हुआ राख, महिला का हाथ झुलसा

शांतिपुरी नंबर-2 में अज्ञात कारणों से दोपहर में हुआ हादसा, दो घंटे बाद मौके पर पहुंचीं दमकल

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी नंबर-2 निवासी देव सिंह टाकुली की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से रविवार दोपहर आग लग गई, जिससे उसके घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

रविवार दोपहर करीब दो बजे शांतिपुरी नंबर दो निवासी देव सिंह टाकुली की झोपड़ी में उसकी पत्नी, दो विवाहित बेटियां और नाती-पोते सो रहे थे। इसी दौरान अचानक झोपड़ी में आग लग गई। जिसे परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन दमकल वाहन सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंचा। तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जल कर राख हो चुका था। आग बुझाने के दौरान देव सिंह की पुत्री ललिता गंगवार का हाथ भी झुलस गया। आग को बढ़ता देख ललिता ने सभी लोगों को बाहर निकाल दिया। मगर तब तक घर में रखा राशन, कपड़े और गैस सिलेंडर भी जल गया। गनीमत रही कि सिलेंडर नहीं फटा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे दुग्ध संघ के निदेशक इंदर मेहता ने पीड़ित परिवार को नकद डेढ़ हजार रुपये की मदद की।

शांतिपुरी नंबर-2 में रविवार दोपहर में लगी आग में जलकर राख हुई झोपड़ी। ● अमृत विचार

डेंटल क्लीनिक में शॉट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

बाजपुर : मुंडिया पिस्तौर स्थित एक डेंटल क्लीनिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लगने से दस लाख का नुकसान हुआ है। लोगों ने बमुश्किल आग बुझाई। समय रहते फायर ब्रिगेड वाहन नहीं पहुंच पाया। डेंटल क्लीनिक में खड़ी एक बाइक भी चलकर राख हो गई। डॉ. जहीर आलम ने बताया कि लगभग 3 :00 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई जिसमें बड़ी मुश्किल से अपने आप को बचा पाए और क्लीनिक में जितने भी उपकरण थे सभी चलकर क्षतिग्रस्त हो गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिसमें दो वाइक भी जलकर राख हो गई। बताते चलें बाजपुर शहर में फायर ब्रिगेड स्टेशन बेरिया रोड़ स्थित बनाया गया लेकिन स्थाई रूप से फायर ब्रिगेड वाहन का नहीं होना बाजपुर वाशियों के लिए दुर्भाग्य की बात है। बाजपुर क्षेत्र में लगातार आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। आग की घटनाओं को लेकर तत्काल प्रभाव से धामी सरकार को बाजपुर फायर ब्रिगेड स्टेशन में फायर ब्रिगेड वाहन स्थाई रूप से मौजूद होने चाहिए।

ससुर पर मारपीट तथा पत्नी को ले जाने का आरोप

बाजपुर: एक युवक ने ससुर पर घर आकर गाली-गलौज व मारपीट करने तथा उसे दहेज के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए उसकी पत्नी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम केशोवाला निवासी इदरीश पुत्र हफीज ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह करीब चार वर्ष पहले ग्राम हरलालपुर निवासी मनीषा पुत्री चमन शाह के साथ मुस्लिम रीतिरिवाज से हुआ था। वर्तमान में उसकी दो पुत्रियां भी हैं, 14 जून को उसकी आपसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई थी जिसके चलते पत्नी ने अपने पिता को फोन कर दिया। आरोप है कि उसके ससुर ने घर आते ही गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों बच्चों को रोता छोड़कर मनीषा को साथ ले गए। उसे दहेज, मारपीट एवं घरेलू हिंसा में फंसाने की धमकी दी गई। बताया कि उसकी पत्नी मनीषा भी इससे पहले खुदकुशी करने का प्रयास कर चुकी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जसपुर के प्रवेश द्वार व प्रमुख स्थान सुभाष चौक पर स्थापित 100 फीट से अधिक ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज पिछले काफी दिनों से फटा हुआ लहरा रहा था, रविवार की शाम को नगर पालिका कर्मियों ने इसके स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु फटे हुए राष्ट्रीय ध्वज को स्तंभ से नीचे उतार दिया। ● अमृत विचार

बकरीद आज, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता

तैयारी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: बकरीद को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए पुलिस ने अपनी व्यवस्था पूरी कर ली है। सोमवार को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। पुलिस ईद से 1 दिन पहले ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने में जुटी रही।

पुलिस ने ईद के नजरिए से संवेदनशील माने जाने वाले स्थान मोहल्ला जोशियान व मोहल्ला चौहान को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की दोनों सीमाओं पर बैरिकेडिंग करके करके रविवार को सील कर दिया। इसके अलावा ईद के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का कड़ा प्रबंधन किया जा रहा है, जिसके लिए अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था की गई है। पुलिस ने बताया कि ईद के मौके पर एक प्लाटून पीएसी व्यवस्था की मांग की गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन व जनपद के अन्य थानों से भी पुलिस बल मंगाया गया है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि कि बकरीद के त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग करें। साथ ही बकरीद पर किसी प्रकार की अफवाह न फैलाएं। पालिका प्रशासन ने बकरीद के मौके पर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुअर पालकों को नोटिस देकर अपने सुअरों को तीन दिन तक सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर न घुमाने को कहा है। जल संस्थान के जेई केके टम्टा ने कहा कि बकरीद के मौके पर बिजली आपूर्ति होने पर पूरे दिन पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इधर शहर इमाम मौलाना अयूब ने नमाज के संबंध में कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह साढ़े सात बजे ईदगाह में इदुल अजहा की नमाज अदा होगी और मस्जिदों में सुबह पौने छह बजे से नमाज शुरू कर दी जाएगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शाहिद अली ने बताया ईद के मौके पर सफाई नायकों को ईदगाह और कुरबान गाह में सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। साथी इस मौके पर शहर में भी सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी।

बैरिकेडिंग कर सील किया जोशियान व मोहल्ला चौहान को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग।

ईदगाह में सुबह 8:30 बजे होगी नमाज

काशीपुर : काशीपुर और आसपास के इलाकों में ईद उल अजहा का त्योहार सोमवार यानि 17 जून को मनाया जाएगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बल भी तैनात रहेगा। ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान ने बताया कि ईदगाह मैदान में ईद उल अजहा की नमाज सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे होगी। जबकि शहर व अन्य जगहों की मस्जिदों में वहां निर्धारित समय पर नमाज अदा की जाएगी। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

ठगों ने की एटीएम से छेड़छाड़

काशीपुर: ठगों की ओर से एटीएम बदल कर रुपये निकालने के मामले तो समय-समय पर सामने आते रहते हैं, लेकिन अब ठगों ने एक नया तरीका निकाल लिया है, जिसके तहत वह एटीएम मशीन में जहां से धनराशि बाहर आती है।

वहां पर मैटल की प्लेट लगा देते हैं, ताकि रुपये बाहर नहीं निकले और उपभोक्ता रुपये नहीं होने की सोच कर चला जाए और ठग प्लेट हटाकर रुपये हासिल कर लें। ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आये। ठाकुरद्वारा निवासी एक युवती अपनी सहेली के साथ के साथ महाराणा प्रताप चौक के पास एक बैंक के एटीएम से एक हजार रुपये निकालने गई। युवती के मुताबिक जब उसने एटीएम के सभी प्रक्रिया पूरी कर दी, उसके बाद मशीन ने सूचित किया कि आप अपनी रकम ले लें। उसके द्वारा कई बार देखने पर रुपये बाहर नहीं आए। तब उसे कुछ शक और मोबाइल की लाइट से कैश निकलने वाले बॉक्स पास देखा तो रुपये नजर आ रहे थे, लेकिन बॉक्स का शटर खुल नहीं रहा था। तब उसने चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर चेक किया। पुलिस कर्मियों द्वारा चेक करने पर एटीएम में जहां से कैश बाहर आता है उसके शटर पर अलग के मैटल की पत्ती लगी हुई थी। जिसे हटाने के बाद रुपये आ गए। तब उसने इस जानकारी कोतवाली में देकर पत्ती पुलिस के सुपुर्द कर कार्रवाई की मांग की।

वर्ग पहेली-103

बाएं से दाएं

2.1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3.1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6.1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8.1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9.1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

ऊपर से नीचे

1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4.1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8.1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



वर्ग पहेली -102 का हल

1 थू	क	ना	■	■	■	■
■	■	■	2 क	ट	3 ले	ट
4 ध	5 ब	ध	ब	■	खा	■
■	ढ़ा	■	र्	■	जो	■
6 अ	व	7 गं	ड	■	खा	■
रि	■	गां	■	■	■	8 जू
हा	■	9 बु	ढ़ौ	ती	■	ड़ा

रंगकर्मी-सिने अभिनेता सुबीर का आकस्मिक निधन

अपूरणीय क्षति

- व्यापार मंडल ने शोक में आधे दिन बाजार रखा बंद, निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का लगा रहा ताता

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : रंगकमी व सिने अभिनेता सुबीर गोस्वामी (47) का रविवार प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी शिवानी गोस्वामी व 10 वर्षीय पुत्री सूर्यांशी उर्फ कुहू को रोता बिलखता छोड़ गए। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक के लहर दौड़ गई।

उनके निवास वार्ड- पांच में शोक व्यक्त करने वालों का ताता लग गया। उनकी अंत्येष्टि नगर के मोक्षधाम में की गई। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व चेयरमैन कावल सिंह विर्क व सीमा सरकार कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, रंगकर्मी मनोज राय उर्फ मुन्ना, बड़े भाई सुब्रतो गोस्वामी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष केके गावा, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकांत मंडल, समाजसेवी हीरा जंगपांगी रौतेला, सभासद सुकुमार सरकार, प्रशांत मालाकार, सत्यजीत विश्वास, सुनीता मिस्त्री, नित्यानंद मंडल, डॉ. सुधीर राय, राहुल बाठला, चेतन सुखीजा, रोहित मंडल, विकास सरकार, मान सिंह कोरंगा, अशोक कालड़ा, योगेश मिगलानी, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, राजू गाईन, चंद्रपाल बत्रा, डॉ. सिमरन पांडे, अनिल रौतेला, विपिन गावा, सचिन राणा, सागर सिंह, आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, कांग्रेस नेता त्रिनाथ विश्वास आदि सहित सामाजिक संगठनों व पत्रकार संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त किया।

साथी कलाकारों के साथ अभिनय करते दिनेशपुर के सुबीर गोस्वामी। (फाइल फोटो)

विरासत में मिली थी कला, क्षेत्रवासियों को गहरा दुख

दिनेशपुर : बांग्ला लोक नाट्य जात्रागान रंगकर्मी पिता डॉ.अजय गोस्वामी व माता कल्पना गोस्वामी के घर जन्मे सुबीर गोस्वामी बचपन से जात्रागान में अभिनय करते हुए हिंदी थिएटर में तक पहुंचे। उनके अभिनय की बारीकी के प्रथम गुरु डॉ. अभिजीत कुमार से मिली। बाद में 1999-2000 में भारत के विख्यात रंगकर्मी/अभिनेता बैरी जॉन के एक्टिंग स्कूल इमागो से अभिनय का प्रशिक्षण लिया। पिता डॉ. अजय गोस्वामी की असमय मृत्यु के बाद 2005 में मुंबई की ओर रुख किया जहां उन्हें सोनी में प्रसारित सीआईडी धारावाहिक में अभिनय का मौका मिला। साथ ही कई अन्य हिंदी धारावाहिक में काम करने का मौका मिला। अमिताभ बच्चन की अभिनीत सरकार फ़िल्म के लेखक मनीष गुप्ता द्वारा निर्देशित हिंदी फीचर फ़िल्म हॉस्टल में अभिनय करने का मौका मिला। फिल्म में हीरो बत्सल सेठ का मित्र विष्णु नामक किरदार किया था और खलनायक की भूमिका मुकेश तिवारी ने की थी। मनीष गुप्ता की अन्य फ़िल्म साब चाय पानी में सुबीर गोस्वामी को अभिनय करने का मौका मिला। उनके निधन पर रंगकर्मियों व क्षेत्रवासियों को काफी दु:ख पहुंचा है।

सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			7				9	2
	6	2				5		
8			6	5		3		1
3		1			6			
2								7
			4			8		3
6		5		1	4			9
		7				4	3	
4	2				9			6

सुडोकू - 15 का हल

9	5	2	8	6	4	3	7	1
8	4	7	1	3	9	5	6	2
6	3	1	5	2	7	9	8	4
3	8	4	6	1	5	7	2	9
2	7	9	3	4	8	1	5	6
5	1	6	7	9	2	8	4	3
4	6	8	9	7	1	2	3	5
1	2	5	4	8	3	6	9	7
7	9	3	2	5	6	4	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

वृष — आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

कर्क — आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह — आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

कन्या — आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

तुला — आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

वृश्चिक — आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

धनु — आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

मकर — आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

मीन — आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 10 .15
भीष्म — रात : 07 .00

ZEE ACTION
गैम्बलर — सुबह : 10 .49
कार्तिकेय 2 — रात : 07 .30

SONY PIX
द मास्क — सुबह : 11 .15
सैन एंड्रियास — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
नागभूमि — सुबह : 11 .23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12 .30
रप्पाई — रात : 07 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया›
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य : क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

संपादकीय

कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षयों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ,लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

प्रसंगवश

नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

सोशल फोरम

भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?

-फेसबुक वॉल से

पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था,पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।

एक नजर

कैबिनेट मंत्री आर्या जिले के भ्रमण पर आज

अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या जिले के भ्रमण पर पहुंच रही है। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि कैबिनेट मंत्री 17 जून को ग्राम सौड़ा, भेटुली अयारपानी अल्मोड़ा पहुंचकर वनाग्नि से जान गंवाने वालों के पीड़ित परिवार से भेंट करेगी। उन्होंने बताया कि इसी दिन मंत्री ग्राम सौड़ा से देहरादून को प्रस्थान करेगी।

शिविर में लोगों को कराया योगाभ्यास

अल्मोड़ा। योग विभाग की ओर से आओ हम सब योग करें तहत अभियान जारी है। रविवार को योग प्रशिक्षक दीपक कुमार ने किमटोला में योग शिविर लगाया। इस दौरान लोगों को योग की विभिन्न क्रियाओं के आसानों का अभ्यास कराया गया। साथ ही रोजाना योग से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। यहां कमल कुमार, सुरेश चंद्र, बसंती देवी, रेखा, गुन्नू, गणेश लाल, सावित्री देवी, राखी आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने खोया मोबाइल लौटाया

अल्मोड़ा। चितई मंदिर दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु का पुलिस ने खोया मोबाइल खोज निकाला। मंदिर में ड्यूटी में तैनात हेड कास्टेबल आसिफ हुसैन को मंदिर गेट के पास एक मोबाइल गिरा पड़ा मिला। जवान ने मोबाइल स्वामी का पता लगातार उनको लौटाया। श्रद्धालु ने पुलिस जवान की दिखाई गई ईमानदारी के लिए उनकी सराहना की और आभार जताया।

शारदा नदी में डूबा पीलीभीत का युवक

टनकपुर। पूर्णागिरि मार्ग में बूम के पास शारदा नदी में नहाने के दौरान पीलीभीत क्षेत्र का एक युवक तेज बहाव में बह गया। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक डूबा व्यक्ति पीलीभीत का हर्ष राठौर रविवार को शाम करीब 4 बजे नहाते वक्त असंतुलित होकर डूब गया। जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम डूबे व्यक्ति की खोज कर रही है।

राज्यपाल ने दी ईद-उल-अजहा की बधाई

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने प्रदेशवासियों को मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी है। ईद की पूर्व संध्या पर राज्यपाल ने कहा कि ईद-उल-अजहा पर्व सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की।

मां और दो ग्रामीणों को घायल करने वाले हमलावर की अस्पताल में मौत

पाटी ब्लॉक के रमक गांव में शनिवार रात खूनी संघर्ष में 4 लोग गंभीर रूप से हुए घायल

वारदात

- चारों घायल हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल किए गए थे रेफर
- पुरानी रंजिश को माना जा रहा विवाद की वजह

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

घायल पार्वती देवी।

घायल जीवन जोशी।

घायल खिलानंद।

अमृत विचार : चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक का रमक गांव में शनिवार रात हुए खूनी संघर्ष में हमलावर व उसकी मां समेत चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।

चारों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एचटीएच में इलाज के दौरान रविवार सायं हमलावर दयानंद जोशी की मौत हो गई। विवाद की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रमक गांव के 37 वर्षीय दयानंद जोशी शनिवार रात्रि करीब 10 बजे अपने घर से चाकू लेकर गांव के दो युवक जीवन जोशी (24) और खिलानंद (34) को मारने के लिए निकला। इस दौरान उसकी मां पार्वती देवी ने उसके हाथ से चाकू छीनने की कोशिश की तो चाकू मां पार्वती देवी के पेट में लग गया और वह बुरी तरह घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी दयानंद ने आवेश में आकर दोनों युवकों जीवन जोशी और खिलानंद को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और अंत में खुद को भी घायल कर दिया। बताते हैं कि इसके बाद दयानंद ने हवाई फायर भी किया। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीणों को घटना का पता चला। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाने के साथ ही वारदात की पुलिस को जानकारी दी। चारों घायलों को चम्पावत जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत खराब देखते हुए चारों को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया है। एसटीएच में इलाज के दौरान हमलावर दयानंद जोशी की मौत हो गई। पाटी के थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

रानीखेत से एनसीसी कैम्प में प्रतिभाग करने दस कैडेट्स

रानीखेत, अमृत विचार : मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत के 10 कैडेट्स ने विगत दिवस एनसीसी कैंप अमरकंटक के लिए प्रस्थान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील मसीह द्वारा एनसीसी प्रभारी गौरव भट्ट की निगरानी में इन कैडेट्स को रवाना किया गया। कैडेट्स 17 जून से 24 जून तक अमरकंटक मध्य प्रदेश में ट्रैकिंग कैंप में प्रतिभाग करेंगे।

इस कैंप में उत्तराखंड एवं देश के अलग-अलग विद्यालयों से एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल से 30 कैडेट्स इस कैंप में प्रतिभाग कर रहे हैं। मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत से कैंप में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स में अंकित रावत, गौरव देव, मोहित सिंह अधिकारी, नीरज नेगी, नितिन कुमार, ललित रावत, निखिल कुमार, दीपांशु सिंह, निर्मल सिंह रावत और मनीष कुमार शामिल हैं।

भूमिया मंदिर में हुआ बड़-पीपल का विवाह

टनकपुर के आमबाग के भूमिया मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: नगर से लगे गांव आमबाग के हजारी बाग, छीनीगोठ मार्ग में स्थित भूमिया मंदिर में बड़ और पीपल का विवाह किया गया। भूमिया मंदिर संयुक्त समिति के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के अलावा नगर क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सुबह शुभलग्नानुसार पूजा-पाठ कर बड़-पीपल का विवाह कराया गया। जिसके बाद स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन पेश किए। कार्यक्रम के समापन के बाद भूमिया मंदिर संयुक्त समिति मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी दिनेश चन्द, रमेश चंद्र पंत, नरेंद्र सिंह कुंवर, विनोद चन्द रजवार, ईश्वरी चन्द, हरीश भट्ट, मुकेश जोशी, भूपेंद्र चन्द, मनोज कलोनी, जगदीश चन्द गिरधारी चन्द, चंद्रशेखर जोशी समेत तमाम लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

कसार वॉरियर्स की टीम ने जीती पीपीएल लीग

क्रिकेट

- फाइनल में साम्राज्य इलेवन को हराकर ट्राफी जीती
- तलाड़ खेल मैदान में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पहल प्रीमियर लीग का समापन हो गया है। रविवार को प्रतियोगिता के तहत फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें कसार वॉरियर्स ने साम्राज्य की टीम को हराकर फाइनल ट्राफी पर कब्जा जमाया।

तलाड़ खेल मैदान में आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद फाइनल मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साम्राज्य की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 146 रनों का लक्ष्य रखा।

जवाब में उतरी कसार वॉरियर्स की टीम ने अपने पांच विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरिज का खिताब साम्राज्य टीम के भरत अधिकारी को दिया गया। विजेता और उपविजेता को अतिथियों ने ट्राफी और नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।

यहां आयोजक मंडल के ललित कनवाल, देवेंद्र कनवाल, उज्जवल जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, दीवान गौनी, मनोज सिंह पवार, रक्षित रावत, कमल डसीला, विनोद कनवाल, संतोष जोशी, अर्जुन बिष्ट, चंदन कनवाल, राघव कनवाल, मदन बिष्ट समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

नए राशन कार्ड को लेकर लोग परेशान

हल्द्वानी : खाद्य व आपूर्ति विभाग में नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं, लेकिन नए राशन कार्ड बनाने वालों से पुराने राशन कार्ड से संबंधित दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। जिससे लोग परेशान हैं।

केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार श्रेणी (सफेद), अंत्योदय कार्ड (लाल) का जिले को मिला लक्ष्य पूरा होने से बाद फिलहाल यह कार्ड नहीं बन रहे हैं, लेकिन राज्य खाद्य योजना के तहत बनने वाले पीले कार्ड बनाए जा रहे हैं। इन कार्ड को बनाने के लिए भी पुराने राशन कार्ड से संबंधित जानकारियां मांगी जा रही हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पुराने कार्ड की जानकारी देने पर ही नए राशन कार्य बनाए जा रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी विजय जोशी ने बताया कि पुराने राशन कार्ड से संबंधित दस्तावेज पेश करने या क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी के प्रमाण पत्र के आधार पर ही नए कार्ड बनाए जा रहे हैं।

अल्मोड़ा में शांतिपूर्वक संपन्न हुई सिविल सेवा प्रारंभिक की परीक्षा

- सात केंद्रों में कुल 916 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी
- परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों की तलाशी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिलेभर में सिविल सेवा प्रांरभिक की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रविवार को परीक्षा नगर के सात केंद्रों में दो पालियों में संपन्न कराई गई। जिसमें कुल पंजीकृत 1874 में से 931 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 958 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में कुल 1874 पंजीकृत थे।

जिसमें 931 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 943 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 916 ने परीक्षा दी और 958 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी व सीईओ अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है।

परीक्षा से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की डीएफएमडी व एचएचएमडी से चेकिंग के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि नगर के सभी सात केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

इन केंद्रों में हुई परीक्षा

अल्मोड़ा इंटर कॉलेज, अटल उत्कृष्ठ विद्यालय राइंका अल्मोड़ा, एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज, कार्य कन्या इंटर कॉलेज, रैमजे इंटर कॉलेज, एसएसजे परिसर अपर, मीडिल व लोअर आदि केंद्रों में परीक्षा सुबह शाम दो पालियों में संपन्न कराई गई।

लमगड़ा में 15.72 ग्राम स्मैक संग दो दबोचे

- बरामद स्मैक की कीमत साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई
- पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चायखान तिराहे से गिरफ्तार किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: लमगड़ा पुलिस और एसओजी टीम के हाथ बड़ी सफलता लगी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान तस्करों को 15.72 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। तस्करी में प्रयोग वाहन को भी सीज किया है। बरामद स्मैक की कीमत साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई है।

नशे के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत अल्मोड़ा पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी और एसओजी प्रभारी कुंदन रौतेला की अगुआई में पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान चायखान तिराहे पर वाहन संख्या यूके01-टीए-4467 को रोकर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान वाहन में सवार सागर चंद्र आर्या और दीपांशु निवासी तल्ला दन्या ओडखोला के कब्जे से 15.72 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

जिसके बाद आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए थाना लमगड़ा में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि आरोपित सागर के विरुद्व पुर्व में भी कई अपराधिक मामले पंजीकृत है। जबकि दीपांशु बिष्ट के विरुद्ध कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं है। यहां पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जैंती गंगा राम गोला, विक्रम सिंह, दीपक सिंह, राजेश भट्ट, विरेंद्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

एक खरीद कर लाता था दूसरा पुड़िया बना था

अल्मोड़ा : पहाड़ में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। आलम ये है कि नशा बेखौफ पहाड़ चढ़ रहा है और युवा तेजी से इसकी चपेट में आकर अपराध की ओर बढ़ रहे है। जिले में एसओजी व पुलिस की टीम ने स्मैक की तस्करी कर रहे दो युवाओं को अरेस्ट किया है। बरामद स्मैक की कीमत 4 लाख रुपये से अधिक है। तस्करी में धरदबोचे गए दो युवकों में एक मैदानी इलाकों से स्मैक खरीदकर लाता था और दूसरा स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर उसे युवाओं को सप्लाई करता था। अब दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है ।थानाध्यक्ष लमगड़ा ने बताया कि आरोपी सागर चंद्र मैदानी जिलों से स्मैक खरीदकर यहां लाता था। और दीपांशु बिष्ट उस स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर युवाओं को सप्लाई करता था।

स्वामी विवेकानंद की तपोस्थली में जुटे योग साधक

गरमपानी : आयुर्वेदिक व यूनानी विभाग के तत्वावधान में काकड़ीघाट स्थित स्वामी विवेकानंद की तपोस्थली में योगा लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. निवेदिता जोशी ने लोगों से अपने जीवन में योग को सम्मिलित करने व योग के माध्यम से आम जनमानस को निरोगी व आरोग्यता प्रदान करने के उपाय बताए। कार्यक्रम में योग साधकों ने योग, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक डॉ. मंजू बोरा, गरिमा, दीपा, अजय व पूजा ने लोगों को योग प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। विशिष्ट योग का प्रदर्शन योग अनुदेशक गरिमा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश कुमार गुप्ता ने किया।

मंदिर तक पहुंची जंगल की आग

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

लड़ीधुरा के जंगल में लगी आग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बाराकोट ब्लाक के लड़ीधुरा के जंगलों में लगी आग शनिवार रात लड़ीधुरा मंदिर तक पहुंच गई। मंदिर समिति के प्रयास से मंदिर निर्माण कार्य के लिए रखा शटरिंग का सामान जलने से बाल-बाल बच गया। आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। लड़ीधुरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष नगेंद्र कुमार जोशी ने बताया कि शनिवार शाम अराजक तत्वों ने लड़ीधुरा के जंगल को आग के हवाले कर दिया।

चीड़ का जंगल होने से आग हवा के साथ मंदिर तक पहुंच गई। आग लड़ीधुरा मंदिर की ओर बढ़ते देख समिति के लोग मंदिर की ओर दौड़ पड़े। समिति के पदाधिकारियों ने जान जोखिम में डालकर सेटरिंग को जलने से बचाया। लेकिन जंगल से आग बुझाने का प्रयास नाकाम साबित हुआ। रात भर अमूल्य वन संपदा जलती रही। महोत्सव समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से गश्त बढ़ाने जंगलों में पार्टी करने और आग लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

लोधिया का जंगल आग से धधका

अल्मोड़ा : जिलेभर में विकराल हो चुकी वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना बड़ी संख्या में आग की घटनाएं सामने आ रही है। रविवार को नगर से सटे लोधिया के जंगल में अचानक आग धधक गई। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिनसर अभ्यारण समेत जिलेभर में जंगल इन दिनों भीषण आग की चपेट में है। रविवार की सुबह नगर से सटे लोधिया का जंगल आग से धधक उठा। देखते ही देखते आग तेजी से आसपास के ग्रामीण इलाकों की ओर बढ़ने लगी। जिसे देख लोगों को हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने वनाग्नि की घटना की सूचना फायर सर्विस को दी। मौके पर पहुंची टीम विकराल होती आग पर काबू पाने में जुट गई।

पानी का संकट ट्यूबवेल योजना के अधर में लटकने से गहराया पेयजल संकट, भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं ग्रामीण

तड़के 3 से रात 11 बजे तक पानी की जुगत में मंच के लोग

संवाददाता,टनकपुर /चम्पावत

मंच में हैंडपंप पर पानी भरने के लिए लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एक ओर जहां इस भीषण गर्मी में मैदानी क्षेत्र ही नहीं बल्कि पहाड़ों में भी लोग जूझ रहे हैं वही जिले के सीमांत मंच क्षेत्र में पेयजल की किल्लत ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। 25 हजार से अधिक की आबादी वाले तल्लादेश की जनता को बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पेयजल योजना का निर्माण अधर में लटकने से समस्या नासूर बन गई है।

गर्मी से क्षेत्र के अधिकांश जल स्रोत सूख चुके हैं। सबसे बुरा हाल मंच और दुबड़ जैनल का है। यहां 52 परिवारों के बीच एक हैंडपंप है, जिसमें सुबह तीन बजे से ही पानी भरने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। रात में 11 बजे तक लोग पानी भर रहे हैं। अत्यधिक लोड होने के कारण हैंडपंप खराब होने की स्थिति में पेयजल के लिए मारामारी होने की संभावना बनी हुई है। इन गांवों में जल संस्थान द्वारा टैंकर से तीसरे दिन पानी बांटा जा रहा है, लेकिन इससे लोगों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों का कहना है कि टैंकर से बांटा जा रहा पानी सिर्फ 30 परिवारों को ही मिल रहा है। मंच क्षेत्र के लिए 80 लाख की लागत से बन रही ट्यूबवैल योजना का निर्माण कार्य पूरा न होने से लोगों में आक्रोश है। मंच के ग्राम प्रधान दीपक सिंह महर, ग्रामीण जगत सिंह महर ने बताया कि पेयजल योजना का निर्माण समय पर पूरा होता तो क्षेत्र की जनता को बुरे दिन नहीं देखने पड़ते।

गडयूड़ा में पानी भरने के लिए रतजगा कर रहे लोग

लोहाघाट : पाटी ब्लाक के गडयूड़ा गावं के ग्रामीण लंबे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि शादी और धार्मिक कार्यों के लिए लोग काफी पहले से ही पानी स्टोर कर रहे हैं। यहां 40 से अधिक परिवारों के लोग सुबह से लेकर शाम तक नौले धारों से पानी ढोकर प्यास बुझा रहे हैं। जल स्रोतों में भीड़ अधिक होने से घंटों बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीण नवीन भट्ट, सुनील भट्ट, प्रकाश चन्द्र, किशोर भट्ट, दीपक भट्ट आदि ने बताया कि किसी किसी दिन ग्रामीणों को पानी भरने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की है।

अल्मोड़ा के गांवों में पानी पेयजल का संकट जारी

- ग्रामीण दूरदराज से पानी ढोकर जरूरत कर रहे पूरी
- कई ब्लॉकों में तीन माह से बना है पेयजल संकट

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एक ओर भीषण गर्मी दूसरी ओर पेयजल संकट ने ग्रामीणों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। रोजाना ग्रामीण एक बाल्टी पानी की व्यवस्था को लेकर जमकर पसीना बहा रहे हैं।

उससे भी पानी की दिक्कत दूर नहीं हो रही है। हालांकि संकट ग्रस्त इलाकों में विभाग टैंकरों और पिकअप के माध्यम से लोगों को पानी मुहैया करा रहा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में पिछले तीन माह से लोग पानी को तरस गए हैं। ग्रामीण रोजाना दूरदराज से पानी ढोकर अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं। अवकाश के दिन भी लोगों का पूरा दिन पानी की व्यवस्था में व्यतीत हो रहा है। ग्रामीणों ने जल्द ध्वस्त हो चुकी पेयजल योजनाओं को दूरस्थ कर राहत प्रदान करने की मांग की है। रविवार को जल संस्थान ने शीतलाखेत, लमगड़ा, कनरा, सल्ला रौतेला, कालीमठ, डीनापानी, सौंण, बल्टा, भागादेवली, लोधिया समेत आदि संकट ग्रस्त इलाकों में टैंकरों के माध्यम से पानी का वितरण किया।

लेखिका पर मुकदमा दर्ज करना तानाशाही

रामनगर : समाजवादी लोकमंच ने लेखिका एवं बुकर प्राइज विजेता अरुंधति राय व अन्य पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा दर्ज करने का विरोध करते हुए इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया है।

कहा कि भाजपा सरकार केंद्र में पूर्ण बहुमत न मिल पाने के बावजूद भी तानाशाही पूर्ण रवैया कायम किए हुए है। संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि कश्मीर के भारत में विलय के बाद से ही कश्मीर का मसला विवादास्पद बना हुआ है। भारत सरकार कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानती है, जबकि कश्मीर के लोग तथा देश के अन्य जन पक्षधर लोग भी कश्मीर की विलय की शर्तों के अनुरूप जनमत संग्रह कराने के पक्षधर हैं।

एक नजर

रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

रायसेन। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट मामला



मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

चित्रदुर्ग (कर्नाटक)। कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

नए आपराधिक कानून लागू करने को किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

कोलकाता, एजेंसी

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू

केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

हाशिम बाबा गिरोह का एक सदस्य रेकी करते समय दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में दो व्यापारियों की कथित तौर पर रेकी कर रहे हाशिम बाबा गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सलीम (30) थाईलैंड में रहने वाले गिरोह के भगोड़े सदस्य राशिद केबलवाला के निर्देश पर यमुना पार क्षेत्र के व्यवसायियों की रेकी कर रहा था। उसने बताया कि सलीम मैसेजिंग एप्लीकेशन के माध्यम से हाशिम बाबा और राशिद के साथ नियमित संपर्क में था।

दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

राजकोट, एजेंसी

राजकोट गेमिंग जोन आग मामला

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा करने का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने इस काम में मदद लेने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के गश्ती दल ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली पाइपलान में रिसाव की जानकारी दी थी जो सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र से दक्षिणी दिल्ली के इलाकों तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन है।

आतिशी ने कहा-गढ़ी मेडू में डी.टी.एल. सबस्टेशन के पास पाइपलाइन में रिसाव हुआ था। हमारे गश्ती दल को पता चला कि पाइपलाइन में 375 एम.एम. के कई बड़े बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट कटा हुआ था जिससे रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा-इससे पता चलता है कि पाइपलाइन में कुछ गड़बड़ी की गई है या उसमें जानबूझकर तोड़फोड़ की गई है।

भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। यह अजीब और आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री पानी चोरी कर रहे हैं और दिल्ली में टैंकर माफिया चला रहे हैं।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 64 मसूरी 58 अंगूरी 55 बासमती 96, दाल दलहन: काला चना 90-120 साबुत चना दाल 65-85 मूंग साबुत 97-104 राजमा 125-140 दाल उड़द 117 साबुत मसूर दाल 75-85 मसूर दाल 70-75 उड़द साबुत 120-130 काबुली चना 130-165 अरहर दाल 158 लोबिया/करमानी 85-110 सोयाबीन 40 मूंगफली 74-100 मटर (सूखी) 45-62 मक्का 16-18 रुपये।

एक नजर

कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए।

आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घट गई

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं।

आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

नई दिल्ली। एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

लंदन से अचार के लिए 900 किलो आम की डिमांड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

- रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात

अमृत विचार : मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश: जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगों पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

नई दिल्ली। घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

मुंबई, एजेंसी

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

खेल डायरी

भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)। भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।

पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

ब्रिजटाउन। भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

ब्रिजटाउन। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

● हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता

अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	4	4	0	8	2.791	0
इंग्लैंड (क्वा)	4	2	1	5	3.611	1
स्कॉटलैंड (बा)	4	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	4	1	3	2	-2.529	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त

जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।

स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।

जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नॉर्थ साउंड। नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता

चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। ● एजेंसी

चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

बीजिंग। चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

एक नजर

अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

काबुल। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

अम्मान। जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

हांगकांग। चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

मोगादिशु। सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर

अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब

अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

बगदाद। इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

बॉलीवुड हलचल

चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली, एजेंसी। कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

कुआलालंपुर (मलेशिया)। सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।